*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 140

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

झारखंड पर मोदी सरकार की सौगातों की बारिश






शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

## झारखण्ड सरकार का प्रयास
## मिले बच्चों को मां का दुलार ...


वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश .... झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी **730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

### शिशु देखभाल अवकाश योजना

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

### सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 322032 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

www.epaper.azadsipahi.in

10 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 140




# झारखंड पर मोदी सरकार की सौगातों की बारिश

लाइट हाउस प्रोजेक्ट की तैयारियों का उद्घाटन आज

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे 1008 आवासों का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक लाइट हाउस प्रोजेक्ट का 10 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी वर्चुअली उद्घाटन करेंगे। इस कड़ी में राजधानी रांची के मौसीबाड़ी मैदान में 1008 आवासों का उद्घाटन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को लेकर रांची नगर निगम तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। नगर प्रशासक अमित कुमार ने लाइट हाउस का निरीक्षण किया। मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

**तीन साल पहले शिलान्यास :** तीन साल पहले रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट की नींव रखी थी। इसके तहत धुर्वा के आनी गांव में 1008 लाइट हाउस का निर्माण किया जाना था। धुर्वा स्थित पंचमुखी मंदिर के पीछे आयोजित इस कार्यक्रम में तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल रहे थे। रांची के साथ देश के चार शहर इंदौर, राजकोट, अगरतला और लखनऊ में भी इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ था। साथ ही कहा गया था कि जिस सोच और दूरदर्शिता के साथ आवास निर्माण के क्षेत्र में गति लाने के लिए यह योजना शुरू की है, उसका लाभ शहरों में रहनेवाले गरीब-मजदूरों और बेघरों को मिलेगा।

## नितिन गडकरी के हाथों आज खूंटी को मिलेगी तीन सड़कों की सौगात

इन सड़कों का होगा शिलान्यास
- रांची-खूंटी फोर लेन बाइपास
- रांची-खूंटी रोड (वर्तमान) का चौड़ीकरण
- खूंटी-कर्रा-बेड़ो टू लेन सड़क



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला की वर्षों पुरानी बाइपास सड़क की मांग पूरी होने वाली है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर खूंटीवासियों को 10 मार्च को तीन सड़कों की सौगात मिलेगी। केंद्रीय सड़क, परिवहन-राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रांची-खूंटी फोर लेन बाइपास, रांची-खूंटी रोड (वर्तमान) का चौड़ीकरण और खूंटी-कर्रा-बेड़ो टू लेन सड़क का रविवार को ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे।

रांची-खूंटी फोर लेन बाइपास रोड तुपुदाना से कुंडीबर टोली तक बनेगा, जो रांची-खूंटी और चाइबासा जिला को जोड़ेगा। इस रोड के बन जाने से खूंटी में हमेशा जाम और आये दिन सड़क दुर्घटना से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही यात्रा में भी समय कम लगेगा। इस संबंध में अर्जुन मुंडा मुंडा ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों के लिए बड़े अवसर सृजित होंगे। भगवान बिरसा मृग विहार, पंचघाघ और हिरणी जलप्रपात जैसे स्थानीय पर्यटन स्थलों की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। आसपास के स्थानों में स्थित कई खनन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

मुंडा ने कहा कि खूंटी-कर्रा-बेड़ो रोड भी महत्वपूर्ण है। यह रोड खूंटी-रांची और लोहरदगा जिले को जोड़ेगा। लगभग 138 किलोमीटर लंबे इस रोड के बन जाने से भविष्य में प्रस्तावित संबलपुर-रांची एक्सप्रेस वे आर्थिक कॉरिडोर का यह हिस्सा होगा। साथ ही रांची-गुमला से लोगों के लिए अच्छी कनेक्टिविटी और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र में पर्यटन का भी विकास होगा। सोनमेर मंदिर, महामाया मंदिर, साईं मंदिर, लतरातू डैम, घाघारी धाम, नेतरहाट और बेतला जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंच पथ बन जायेगा।

पीएम झारखंड को देंगे एक और वंदे भारत ट्रेन

## रांची टू वाराणसी वंदे भारत ट्रेन मंगलवार से



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देने जा रहे हैं। यह वाराणसी तक चलेगी। प्रधानमंत्री 12 मार्च को इसका ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमित सिंह बिंद्रा ने दी। उन्होंने बताया कि रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ चेयर कार कोच होंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा झारखंड, बिहार और ओड़िशा के रेलयात्रियों को मिलेगा।

**ट्रेन की टाइमिंग :** यह ट्रेन रांची से सुबह 5।50 बजे खुलेगी और दोपहर 12।10 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वाराणसी से दोपहर 1: 30 बजे खुलेगी और रात 7: 50 बजे रांची पहुंचेगी। रांची से बनारस का सफर साढ़े छह घंटे में तय होगा।

**ट्रेन का किराया :** रांची-वाराणसी तक का किराया 1390 से 2600 रुपये के बीच होगा। पहले इसे मुरी-बोकारो के रास्ते चलाने की योजना थी। झारखंड को तीसरी वंदे भारत ट्रेन : इस ट्रेन के चलने से रांची स्टेशन से खुलने वाली वंदे भारत की संख्या तीन हो जायेगी। फिलहाल एक ट्रेन रांची से पटना और दूसरी रांची से हावड़ा के बीच चल रही है।




## न्यूज रील्स

### आज देश भर में चार घंटे रेल रोकेंगे किसान, अलर्ट

नयी दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली खुफिया एजेंसी को जो अलर्ट मिल रहे हैं, उससे दिल्ली की चिंता बढ़ गयी है। दिल्ली सहित पांच राज्यों की पुलिस एक ही प्लान पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी की तरफ बढ़ रहे किसानों को जंतर-मंतर तक न पहुंचने दिया जाये, पुलिस इसी एंगल पर काम कर रही है। किसान संगठनों ने 10 मार्च को चार घंटे तक रेल रोकने का आह्वान किया है। उसके बाद 14 मार्च को रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करने की बात कही है। हालांकि इस बार किसान ट्रैक्टर के बिना ही दिल्ली पहुंच रहे हैं। खुफिया एजेंसी के अलर्ट पर रेल, मेट्रो और दूसरे सार्वजनिक परिवहन के साधन पुलिस के रडार पर हैं। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, यूपी और राजस्थान पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है।

### साइबर अपराधियों को मात देंगी महिला दारोगा

मुरादाबाद। अपराध के पुराने तरीके छोड़कर अपराधी अब साइबर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस (एआइ) जैसी चुनौती हर रोज बढ़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस विभाग ने भी ट्रेनिंग के पैटर्न में बदलाव किया है। पीटीएस में प्रशिक्षण ले रहीं महिला दारोगाओं के बैच को हर तरह की ट्रेनिंग देने के साथ ही साइबर अपराध से निपटने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके लिए अनुभवी अफसरों के साथ ही साइबर एक्सपर्ट द्वारा नये दरोगाओं को साइबर अपराध से निपटने की बारीकियां सिखायी गयी हैं। डीएसपी ज्योति यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा भर्ती परीक्षा पास करने के बाद पीटीएस में 15 मार्च 2023 को 889 कैडेट के बैच का आउटडोर और इंडोर प्रशिक्षण शुरू किया गया। इन्हें महिला अपराध, पॉक्सो और साइबर अपराध के बारे में बारीकियां समझायी गयीं।

जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और पढ़ाई को लेकर बैठक

## घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करें: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में यहां की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यथाशीघ्र जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाये, ताकि प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ की जा सके। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल एवं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ प्रदीप वर्मा होंगे भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा ने डॉ प्रदीप वर्मा को झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से शनिवार को इसकी घोषणा की गयी है। बता दें कि झारखंड में 21 मार्च को दो सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव होना है। झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है।

**झारखंड में राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना हो चुकी है जारी :** झारखंड में राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना चार मार्च को जारी की जा चुकी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक झारखंड में राज्यसभा की खाली हो रही दो सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान कराया जायेगा। 11 मार्च तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 12 मार्च को स्क्रूटनी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 मार्च है। 21 मार्च को वोटिंग के बाद उसी दिन मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा।

**प्रदीप वर्मा ने आभार जताया :** प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद प्रदीप वर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन जैसे सामान्य कार्यकर्ता को झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने के लिए वह प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के केंद्र एवं प्रदेश के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाजपा नेतृत्व के इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। यह भाजपा में ही संभव है कि जमीनी स्तर का कार्यकर्ता भी उच्च सदन में जा सकता है। मैं पूरी निष्ठा के साथ भाजपा के हर संकल्प पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के भरोसा को कायम रखते हुए राज्यसभा में झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की आवाज बनने का प्रयास करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के विकास के विजन और मिशन में मुझ जैसे कार्यकर्ता को भी सहयोग करने का मौका मिलेगा, यह सोचकर मैं गौरवान्ति महसूस कर रहा हूं।

## आशा लकड़ा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य नियुक्त

रांची की मेयर रह चुकी हैं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री व रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके बाद आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि केंद्र सरकार, केंद्रीय नेतृत्व और अभिभावकों का हार्दिक आभार और साधुवाद। मैं आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। आने वाले समय में भी आप सभी के मार्गदर्शन की अपेक्षा रखती हूं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अनुशंसा के बाद जनजातीय मामलों के मंत्रालय के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सेक्शन की ओर से शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी। यह पद केंद्रीय राज्यमंत्री के समकक्ष है। वर्तमान में डॉ आशा लकड़ा भाजपा की राष्ट्रीय सचिव और भाजपा पश्चिम बंगाल की सह प्रभारी हैं। झारखंड में सशक्त आदिवासी महिला के रूप में उभरीं डॉ आशा लकड़ा के कार्यक्षेत्र और आम लोगों के बीच उनकी अलग पहचान को लेकर केंद्रीय भाजपा कमेटी ने उन्हें राष्ट्रीय कमेटी में राष्ट्रीय मंत्री पद की जिम्मेदारी दी। 2022 में उन्हें देश के कई राज्यों में चुनावी रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी दी गयी थी, जिसमें उन्होंने अपनी सक्रियता दिखायी थी। छत्तीसगढ़, असम, पश्चिम बंगाल और गोवा में विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने अपनी सूझबूझ और राजनीतिक परिपक्वता से भाजपा को बढ़त दिलायी। अब केंद्र सरकार ने उन्हें नयी जिम्मेदारी दी है। झारखंड में आदिवासियों के शोषण के विरुद्ध उन्होंने मुखर होकर राज्य सरकार के समक्ष अपनी बातें रखीं, जिस पर सरकार खामोश रही। आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, मानसिक उत्पीड़न, दुष्कर्म आदि से संबंधित मामलों में भी उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की।




## लालू के करीबी सुभाष यादव के ठिकानों से मिले दो करोड़ कैश, इडी जांच में 250 करोड़ की हेराफेरी का खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी और बिहार के बड़े बालू कारोबारी सुभाष यादव के आठ ठिकानों पर इडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने शनिवार को छापेमारी की। सुभाष अवैध बालू खनन के लिए राज्य में कुख्यात कंपनी ब्रॉडसंस लिमिटेड के प्रमुख निदेशक हैं। इस कंपनी के सभी निदेशकों पर पहले ही इडी का शिकंजा कसा जा चुका है। सुभाष यादव और उनके कुछ करीबी रिश्तेदारों से जुड़े इन सभी ठिकानों पर शनिवार सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। इनमें दानापुर के नारियल घाट स्थित उनके घर के अलावा दानापुर में ही नासरीगंज, शाहपुर, यदुवंशी नगर, मनेर में हल्दी छपरा तथा पटना के गोल रोड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित उनका कार्यालय समेत अन्य स्थान शामिल हैं। दानापुर में मौजूद उनके दो घरों से दो करोड़ रुपये कैश के अलावा पटना, रांची समेत अन्य स्थानों पर जमीन-जायदाद से संबंधित बड़ी संख्या में कागजात तथा अनेक माध्यमों में निवेश से जुड़े काफी संख्या में दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। फिलहाल सभी दस्तावेजों की सघन जांच चल रही है।

सुभाष यादव मूल रूप से दानापुर अनुमंडल में आने वाले हेतनपुर दियारा के रहने वाले हैं। वह राजद से चुनाव लड़ चुके हैं और लालू के करीबी माने जाते हैं। छापेमारी के दौरान सुभाष और उनके एक करीबी रिश्तेदार अशोक यादव से जांच अधिकारियों ने कई पहलुओं पर घंटों पूछताछ की। जांच में यह बात सामने आयी कि उनकी मालिकाना हक वाली कंपनी ब्रॉडसंस ने बिहार के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन और बिना चालान या गलत चालान की बिना पर 250 करोड़ से अधिक का राजस्व चोरी कर ली थी। इस मामले में धन शोधन (मनी लांड्रिंग) और कइयों के काले निवेश से जुड़े कई तथ्य सामने आने पर इडी ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

इससे पहले 2022 में इनकम टैक्स विभाग ने आयकर चोरी के आरोप में उनके ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर की थी। इसमें करोड़ों की आयकर चोरी सामने आयी थी। इडी ब्रॉडसंस कंपनी के अन्य निदेशकों पर पहले ही कार्रवाई कर चुकी है।

www.epaper.azadsipahi.in

10 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 140

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सीएम चंपाई ने कांटाटोली फ्लाइओवर को लेकर जुडको के अधिकारियों संग की बैठक






झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में

**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

## निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे
स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**गरिमामय उपस्थिति**

**श्री शिबू सोरेन**
माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**₹263.88 करोड़ परियोजना की लागत**

सेतु की लंबाई 1584 मीटर | पहुंच पथ की लंबाई 1400 मीटर

**कुल लंबाई 2984 मीटर**

गिरिडीह जिलान्तर्गत

## पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न
स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**


**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**
माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय विधायक, गिरिडीह



**योजना की विवरणी**

**₹639.20** करोड़ से होगा निर्माण | **8,531** हेक्टर भूमि होगी सिंचित

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 322035(IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड में कांग्रेस के पास संसदीय चुनाव के उम्मीदवारों का टोटा

## ■ कांग्रेस के कई विधायकों और नेताओं का चुनाव मैदान में उतरने से इनकार

## ■ गोड्डा के अलावा किसी भी सीट पर पार्टी के पास नहीं है काबिल उम्मीदवार

## ■ राज्य का कोई मंत्री भी संसदीय चुनाव के मैदान में उतरने के लिए तैयार नहीं

**झारखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जैसे-जैसे आगे बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे टिकट के संभावित दावेदारों के नाम भी सामने आते जा रहे हैं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में सबसे विचित्र स्थिति देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की है। झारखंड में उसके पास ऐसे उम्मीदवारों का टोटा पड़ गया है, जो पार्टी के लिए 'करो या मरो' वाले इस लोकसभा चुनाव में मैदान में ताल ठोक सकें। यहां तक कि झारखंड सरकार में पार्टी कोटे के मंत्रियों ने भी संसदीय चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दिन-रात केंद्र सरकार और खास कर पीएम मोदी की आलोचना करनेवाले कांग्रेसी और अपने काम के बूते सबसे बेहतर होने का दंभ भरने वाले पार्टी कोटे के मंत्री चुनाव मैदान में उतरने का खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं हैं। झारखंड में कांग्रेस 14 में से नौ सीटों पर लड़ने का दावा कर रही है, लेकिन हकीकत यह है कि गोड्डा को छोड़ कर उसके पास किसी भी सीट के लिए ऐसा कोई प्रत्याशी नहीं है, जो प्रतिद्वंद्वी को टक्कर भी दे सके। रांची और धनबाद जैसी प्रमुख सीटों पर भी कांग्रेस सुबोधकांत सहाय और ददई दुबे सरीखे बुजुर्ग चेहरों पर दांव लगाने की योजना बना रही है। जिस सिंहभूम सीट पर कांग्रेस का कब्जा है, वहां भी पार्टी के पास कोई उम्मीदवार नहीं है। गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस वहां बिना पतवार की नाव हो गयी है। दूसरी तरफ झामुमो के पास दावेदारों की कतार है और इसलिए वह सात से अधिक सीटों पर प्रत्याशी देने की बात कर रही है। झारखंड में इंडी गठबंधन की दुविधा और कांग्रेस की स्थिति का क्या हो सकता है परिणाम और असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



देश में आम चुनावों की सरगर्मियों के बीच विभिन्न राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। चुनाव का पहला चरण, यानी उम्मीदवारों के चयन का काम तेजी से हो रहा है और दावेदारों की लॉबिंग भी चरम पर है। इस माहौल में झारखंड में इंडी गठबंधन, खास कर कांग्रेस के सामने पैदा असमंजस दिलचस्प है। कांग्रेस के लिए यह चुनाव 'करो या मरो' जैसा है। झारखंड में वह सत्ता में हिस्सेदार है, लेकिन उसके सामने ऐसी समस्या है, जिसका समाधान उसकी समझ में नहीं आ रहा है।

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। कांग्रेस इसमें से झामुमो के साथ सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत नौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने पर अड़ी हुई है, लेकिन उसकी हालत यह है कि उसे इनमें से केवल एक सीट को छोड़ कर किसी अन्य पर योग्य उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस के पास कई सीटों पर उपयुक्त उम्मीदवारों की कमी भी है और कई योग्य उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। इसलिए पार्टी अब पुराने योद्धाओं पर भरोसा करने के लिए मजबूर दिख रही है। इन योद्धाओं को मतदाताओं ने अतीत में खारिज कर दिया है।

### कांग्रेस लड़ाई के लिए तैयार नहीं

कांग्रेस की हालत यह है कि वह मुकाबले के लिए इच्छुक तो है, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं है, क्योंकि उसके पास योद्धा ही नहीं है। पार्टी के नेता भी कह रहे हैं कि अगर अचानक किसी को चुनाव लड़ने के लिए कहा जाये, तो कौन इसके लिए तैयार होगा। पार्टी ने कभी संकेत नहीं दिया कि किस नेता को चुनाव लड़ना है।

इसलिए कांग्रेस का कोई नेता चुनाव की तैयारी नहीं कर सका है। इसके अलावा कांग्रेस के पास ऐसे नेताओं की भारी कमी है, जो लोकसभा चुनाव में उतरने की काबिलियत रखते हों। पहचान की बात छोड़ भी दें, तो संसाधन के हिसाब से भी वह प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। कुछ समय पहले कांग्रेस ने अधिक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए संभावित युवा नेताओं की पहचान करने और उन्हें तैयार करने की कोशिश की, लेकिन यह झारखंड में असफल साबित हुई। इसीलिए पार्टी को भाजपा से मुकाबला करने के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों के वास्तविक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जो हमेशा चुनावी मोड में रहती है।

### क्या है सीट शेयरिंग का फॉर्मूला

2019 के चुनाव में सीट शेयरिंग के बाद कांग्रेस को सात, झामुमो को चार, झाविमो (पी) को दो और राजद को एक सीट मिली थी। कांग्रेस को रांची, खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, चतरा और धनबाद सीटें मिली थीं। झामुमो को दुमका, राजमहल, गिरिडीह और जमशेदपुर सीटें मिली थीं। झाविमो (पी) को कोडरमा और गोड्डा और राजद को पलामू सीट मिली थी। इस बार झाविमो (पी) अस्तित्व में नहीं है। इसलिए कांग्रेस सात सीटों के अलावा कोडरमा और गोड्डा सीटें भी चाहती है। वह चार झामुमो के लिए और एक राजद के लिए छोड़ना चाहती है। दूसरी तरफ झामुमो इस बार उन चार सीटों के अलावा सिंहभूम और लोहरदगा से भी लड़ना चाहता है, यानी वह छह सीटों पर प्रत्याशी उतारना चाहता है। चतरा सीट राजद को दिया जायेगा।

### कांग्रेस के पास प्रत्याशियों की कमी

कांग्रेस रांची संसदीय सीट से पार्टी पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव को चुनाव लड़ाना चाहती थी, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया है। इसलिए पार्टी अब सुबोधकांत सहाय पर दांव लगायेगी, जो पिछले दो चुनाव हार चुके हैं। इसी तरह कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने धनबाद से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, जो शुरुआत में हजारीबाग में भाजपा को चुनौती देने की इच्छुक थीं, का रुख भी शांत पड़ने की सूचना है। धनबाद में चंद्रशेखर दूबे उर्फ ददई दुबे को उतारने की बात हो रही है, जो अपने मूल विधानसभा क्षेत्र, पलामू के विश्रामपुर में भी प्रभावहीन हो चुके हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस के पास चाइबासा सीट के लिए कोई उम्मीदवार नहीं है। सांसद गीता कोड़ा के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के बाद चाइबासा में कांग्रेस बिना पतवार की नाव हो गयी है। इसके विपरीत वहां झामुमो मजबूत दिख रहा है, क्योंकि वहां की सभी पांच विधानसभा सीटें उसके पास हैं और उम्मीदवारों की कतार भी। यही स्थिति लोहरदगा में है, जहां कांग्रेस के पास सुखदेव भगत जैसे बुजुर्ग या शिल्पी नेहा तिर्की जैसी युवा प्रत्याशी हैं। इस सीट से पहले रामेश्वर उरांव सांसद रह चुके हैं, जो अभी विधायक और मंत्री हैं। वह लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। खूंटी में पिछली बार कांग्रेस ने कालीचरण मुंडा को उतारा था, जिन्होंने अर्जुन मुंडा को कड़ी टक्कर दी थी। इस बार वह मैदान में उतरने के इच्छुक तो हैं, लेकिन पार्टी दयामनी बारला को टिकट देने की तैयारी कर रही है, जो हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुई हैं और पिछले चुनाव में महज तीन हजार वोट ही पा सकी थीं। इसी तरह कोडरमा में भी कांग्रेस को एक उपयुक्त चेहरे की जरूरत है। झारखंड में गोड्डा एकमात्र ऐसी सीट है, जहां कांग्रेस के पास दो मजबूत दावेदार हैं। ये हैं विधायक प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह।

### एक भी मंत्री चुनाव लड़ने को तैयार नहीं

झारखंड में कांग्रेस कोटे का एक भी मंत्री चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से प्रत्याशियों की संभावित सूची में मंत्रियों का नाम नहीं है। दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंत्रियों को पार्टी आलाकमान के निर्देश का इंतजार है। पार्टी के आदेश पर वे चुनाव लड़ेंगे। सत्ताधारी गठबंधन में शामिल राजद के एकमात्र मंत्री को लेकर अटकलें तेज हैं कि वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और इसके लिए पार्टी का कोई बंधन नहीं होगा। ये मंत्री अपने काम के बूते विकास का दंभ भरते नहीं थकते हैं, लेकिन वे संसदीय चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। दूसरी तरफ झामुमो के मंत्री आलाकमान के निर्देश पर ही मैदान में उतरेंगे। माना जा रहा है कि एक-दो मंत्री को पार्टी ने तैयार रहने का निर्देश भी दे दिया है।

# सिमडेगा में पहली बार होगा पूसा कृषि विज्ञान मेला

## केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा आज करेंगे उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमडेगा।** गुमला, सिमडेगा, खूंटी के साथ राज्य के किसानों को समृद्ध बनाने और खेतों को उन्नत बनाने के उद्देश्य से सिमडेगा के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 10 मार्च से तीन दिवसीय पूसा कृषि मेला का उद्घाटन हो रहा है। जिसका शुभारंभ स्थानीय सांसद और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा 10 मार्च को करेंगे। हरित क्रांति की जन्म स्थली और देश की अग्रणी कृषि अनुसंधान शिक्षा और प्रसार का संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नयी दिल्ली द्वारा हर वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेला इस वर्ष 10 से 12 मार्च 2024 के दौरान अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा की धरती पर आयोजित होने जा रहा है। इस मेला का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, अर्जुन मुंडा, द्वारा किया जायेगा। प्रतिवर्ष लाखों किसान द्वारा पसंद किया जाने वाला ये मेला, जो हर साल तीन दिनों तक नयी दिल्ली में आयोजित होता है, इस बार पूर्वी भारत में कृषि क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में किया जा रहा है। मेले के दौरान देश भर से विभिन्न कृषि संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकियों का प्रदर्शन करेंगे। इस मेले की मुख्य विषय कृषि उद्यमिता समृद्ध किसान है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मूल्य संवर्धन और फसल विविधता पर चर्चा की जायेगी। साथ ही, आधुनिक कृषि और बागवानी की उन्नत तकनीकों को देखने का अवसर मिलेगा जो उत्पादकता को बढ़ाने में मदद करती हैं। इसके अतिरिक्त मेले में कृषक संगठन, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल भी लगाया जायेगा। पूसा संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संगोष्ठी होगी जिससे किसानों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा नयी दिल्ली के निदेशक के मार्गदर्शन में यह मेला आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ रविंद्र पडारिया ने जानकारी दी कि सिमडेगा की जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र, आत्मा सहित अन्य विभागों द्वारा इस मेला में सहभागिता होगी। सभी कृषकों से अनुरोध है कि इस मेला में भाग लेकर लाभान्वित हों। तीन दिनों तक चलने वाले इस कृषि मेला में हर दिन 1000 किसानों को ट्रेनिंग देने और उन्हें समृद्ध बनाने के तरीके बताये जायेंगे, इसके लिए आयोजकों के द्वारा किसानों को आने जाने और उनकी सुविधा की हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। जिससे सिमडेगा के करीब किसानों को मेला तक आने में किसी तरह की तकलीफ ना हो सके।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम हम लोगों की भावनाओं से अवगत हो: सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झामुमो ने पूरी तैयारी से कमर कस ली है। वहीं झामुमो चाहता है कि लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम झारखंड दौरा करे और राजनीतिक पार्टियों की राय जाने। उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयोग से आग्रह है कि सोमवार से शुक्रवार तक चुनाव आयोग रांची आये और हम लोगों की भावनाओं से अवगत हो। लोकतंत्र को आगे बढ़ाने का काम 1952 चुनाव आयोग ने किया था और यह परंपरा अब भी जारी है। चुनाव आयोग प्रत्येक नागरिक को सुनिश्चित करता है कि वह भयमुक्त होकर अपने संवैधानिक हक का प्रयोग करें। आज 9 तारीख है पिछले चुनाव में 10 मार्च को वह तिथि थी जब 14वीं लोकसभा सीट गठन के लिए अधिसूचना जारी की गयी थी। उस समय राज्य में भाजपा की सरकार थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से राज्य के जो राष्ट्रीय दल हैं भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, माकपा, भाकपा, और जो क्षेत्रीय पार्टियां हैं उन्हें भी बुलाया गया था और चुनाव के संबंध में उनसे राय ली गयी थी लेकिन आज वह परंपरा बदल गयी है। जो चुनावी सभाएं होंगी, यात्रा होगी उसमें पारदर्शी तरीके से समय का अलॉटमेंट होगा लेकिन अब तक इसको लेकर कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है, क्या यहां केवल एक ही पॉलिटिकल पार्टी का इंटरेस्ट है। 2019 के लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में हमारे स्टार प्रचारक को रोक दिया जाता था। प्रशासन की ओर से भाजपा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई सभा को संबोधित करने के लिए कई जगह जाते थे, और उनके रेडियस तक नो फ्लाइंग जोन हो जाते थे। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आदिवासी नागरिक नहीं हैं। क्या झारखंड में भी चुनाव होना उनके लिए जरूरी नहीं है। मैं आशा करूंगा कि चुनाव आयोग सोमवार से शुक्रवार तक अपनी सुविधा अनुसार झारखंड आये या हमें बुलाये ताकि हमारी परेशानियों से वो अवगत हो सके।

## चतरा, हजारीबाग, पलामू, चाइबासा में मौत की खेती

# अफीम की खेती करनेवालों की खैर नहीं

**एनसीबी ने सीआइडी से मांगी डिटेल रिपोर्ट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में मौत की खेती की फसल लहलहाती है। इसे एनसीबी मुख्यालय नयी दिल्ली ने गंभीरता से लिया है। झारखंड सीआइडी को पत्र लिखकर इस संदर्भ में डिटेल रिपोर्ट मांगी है। इससे अब यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड में अफीम पोस्ता की खेती करनेवालों की अब खैर नहीं है। झारखंड के चतरा, हजारीबाग, पलामू, चाइबासा में अफीम की खेती खूब हो रही है।

सीआइडी के डीआइजी ने चार जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि एनसीबी मुख्यालय की सहायक निदेशक नीना काकर ने पत्र भेजा है। इसमें है कि अफीम की खेती के स्थान को शीघ्र चिह्नित कर इसे नष्ट करने की कार्रवाई तेजी से की जाये। साथ ही इसकी रिपोर्ट से भी एनसीबी को इ-मेल के जरिये अवगत कराया जाये। इस संदर्भ में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय सिंह से उनके मोबाइल नंबर 9909945009 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# उपभोक्ताओं को 30 दिन में अस्थायी बिजली कनेक्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** उपभोक्ताओं को अब 30 दिनों के अंदर अस्थायी बिजली कनेक्शन या प्रोविजनल कनेक्शन मिलेगा। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने राज्य के बिजली वितरण कंपनियों को आदेश दिया है। जारी आदेश में नियामक आयोग ने कहा है कि अस्थायी बिजली कनेक्शन या प्रोविजनल कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़े। अगर किसी व्यक्ति के पास मीटर लेने के लिए पर्याप्त दस्तावेजों की कमी है या मकान या परिसर से संबधित दस्तावेज नहीं तो ऐसे में बिजली कनेक्शन दिया जा सकता है। मीटर अस्थायी मीटर कनेक्शन सप्लाई कोड के तहत दिया जाना है। वितरण कंपनी को हर हाल में 30 दिन के अंदर नया विद्युत कनेक्शन देना अनिवार्य है। बता दें राज्य में पांच बिजली वितरण कंपनियां है, जिसमें झारखंड बिजली वितरण निगम, जुस्को, टाटा पावर, सेल बोकारो, डीवीसी शामिल है।

# स्ट्रेस मैनेजमेंट पर ट्रेनिंग एटीआइ में 13 मार्च से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्ट्रेस मैनेजमेंट पर 13 मार्च से प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में होगा। इसे लेकर संस्थान के संयुक्त निदेशक ने आइजी प्रशिक्षण को पत्र भेजा है। पत्र के बाद आइजी प्रशिक्षण ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि अपने यहां से पुलिस पदाधिकारी का योगदान इस प्रशिक्षण के लिए सुनिश्चित करायें। रांची जिला से दो और शेष सभी जिलों से एक-एक पुलिस पदाधिकारी को इस ट्रेनिंग के लिए नामित करने को कहा गया है। इसे लेकर आइजी प्रशिक्षण ने एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम अवधि के दौरान रहने और भोजन की व्यवस्था संस्थान के छात्रावास में निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।

www.epaper.azadsipahi.in

10 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2080
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 140

भारत 2036 में ओलंपिक आयोजित करने के प्रति उत्सुक है : अनुराग सिंह ठाकुर



### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने निर्माणाधीन कांटाटोली फ्लाइओवर को लेकर जुडको के अधिकारियों संग की बैठक

# निर्माण कार्य में तेजी लायें, हर सप्ताह दें प्रगति रिपोर्ट : सीएम

**निर्माण कार्य पूरा होने तक ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राजधानी रांची में बन रहे कांटाटोली फ्लाइओवर की कार्य प्रगति को लेकर शनिवार को जुडको के अधिकारियों तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जुडको के अधिकारियों को से कहा कि इस फ्लाइओवर के निर्माण में पहले ही काफी विलंब हो चुका है। ऐसे में और विलंब नहीं हो, इस बाबत कार्य में तेजी लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कांटाटोली फ्लाइओवर के चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह समर्पित करने का निर्देश दिया, ताकि उसकी समीक्षा विस्तृत रूप से हो सके। इससे कार्यों की निगरानी करने में भी सहूलियत होगी और जरूरत पड़ने पर आवश्यक निर्देश भी दिये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह फ्लाइओवर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए काफी अहमियत रखता है। इसके चालू होने से ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेगी।

**इस वर्ष अगस्त तक निर्माण पूरा होने का दिलाया भरोसा**

मुख्यमंत्री को जुडको के अधिकारियों ने बताया कि कांटाटोली फ्लाइओवर के निर्माण कार्य में तेजी लायी गयी है और इस वर्ष अगस्त तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री को उन्होंने बताया कि जमीन अधिग्रहण और यूटिलिटी शिफ्टिंग में विलंब होने की वजह कांटाटोली फ्लाइओवर का निर्माण कार्य प्रभावित हुआ। लेकिन अब तीव्र गति से निर्माण कार्य चल रहा है और अगस्त तक इसे हैंडओवर कर दिया जायेगा।

**मुख्यमंत्री ने छह मार्च को किया था निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने छह मार्च को कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाइओवर के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। उन्होंने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि इसके निर्माण के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाये, ताकि आवागमन में आम लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

**ये रहे उपस्थित :** इस बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक, जुडको अरवा राजकमल और जुडको के अधिकारी तथा निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand.

ADVERTISEMENT

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University
Ranchi-834008
Website:www.dspmuranchi.ac.in

Applications are invited from eligible candidates for **Apprenticeship Training** in Dr. Shyama Prasad Mukherjee University in the prescribed proforma available on University Website **www.dspmuranchi.ac.in** latest by **17.03.2024 05:00 P.M.**

By the Order of Vice-Chancellor

Memo No. : DSPMU/G/164/24
Date : 09.03.2024

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

## न्यूज रील्स

### बिहार विधान परिषद में मंगल पांडेय को फिर टिकट

पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने पूर्व मंत्री और वरीय नेता मंगल पांडेय को दुबारा मौका दिया है। वहीं लालमोहन गुप्ता और अनामिका सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। इधर पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन और दिग्गज संजय पासवान को इस बार विधान परिषद नहीं भेजा जायेगा। चर्चा है कि शाहनवाज हुसैन को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया जा रहा है। हालांकि भाजपा या शाहनवाज हुसैन की ओर से अब तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। बता दें कि विधान परिषद में पांच मई को 11 सीटें खाली हो जायेंगी। इसके लिए चुनाव की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। चार मार्च से ही नामांकन दाखिल करने की शुरुआत हो चुकी है। नामांकन की आखिरी तारीख 11 मार्च है। मतदान की तारीख 21 मार्च है। परिणाम 21 मार्च को घोषित कर दिये जायेंगे।

### एल्विश यादव पर जान से मारने की धमकी का आरोप


नयी दिल्ली। आये दिन सुर्खियों में रहने वाले बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह एल्विश यादव पर गंभीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। मैक्सटर्न ने वीडियो में एल्विश यादव पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

### पीएम ने असम और बंगाल में विपक्ष पर किया करारा प्रहार

# मुझे गाली देना उनका प्रिय शगल, देश मेरे साथ: मोदी

**हमने विकास के लिए पैसा भेजा, लेकिन टीएमसी ने अपने खास लोगों को बांट दिय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिलीगुड़ी/गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम और बंगाल में जनसभाओं में विपक्ष पर करारा प्रहार किया। उन्होंने असम के जोरहाट और उत्तरी पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी में कहा कि विपक्ष का सबसे प्रिय शगल मोदी को गाली देना रह गया है, जबकि देश मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देने वाली कांग्रेस और उसके दोस्तों ने आजकल कहना शुरू किया है कि मोदी का परिवार नहीं है। उनकी गाली के जवाब में पूरा देश खड़ा हो गया है। पूरा देश कह रहा है - मैं हूं मोदी का परिवार। उन्होंने बताया कि देश का यह प्यार मोदी को इसलिए मिलता है, क्योंकि मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को सिर्फ अपना परिवार ही नहीं माना, बल्कि उनकी दिन-रात सेवा भी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने सिलीगुड़ी-राधिकापुर ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। इस दौरान उन्होंने उत्तरी पश्चिम बंगाल में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है।

जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया है। ऐसे अनेक मुद्दे थे, जिनके समाधान की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन मोदी ने ऐसे हर मुद्दे को हल किया है। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार आपको कदम-कदम पर लूट रही है। हमने मनरेगा की मजदूरी का पैसा दिल्ली से भेजा है, लेकिन यहां की टीएमसी सरकार ने अपने लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड बनाकर दे दिया।

मोदी गरीब के घर के लिए पैसा भेजता है, तो टीएमसी सरकार अपने लोगों को आपका पैसा दे देती है।

टीएमसी को आपकी परेशानियों से कोई कष्ट नहीं होता। संदेशखाली में गरीब, दलित, आदिवासी बहनों के साथ टीएमसी के नेताओं ने क्या-क्या किया है, इसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने देश की अनेकों माताओं को छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते हुए देखा है। इसलिए मैं शौचालय, नल से जल, मुफ्त बिजली कनेक्शन, बैंक का खाता, गर्भावस्था के समय आर्थिक मदद, ऐसी हर बात पर जोर दे रहा हूं।

लेकिन पहले विपक्ष ने आपकी नहीं सुनी और फिर टीएमसी ने भी आपको नजरअंदाज कर दिया। वे तो गरीबों की जमीन हड़पने में जुटे थे।

**असम को 17750 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात**

इससे पहले पीएम मोदी असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी और जीप सफारी का आनंद लिया। काजीरंगा से वह अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर गये और वहां सेला टनल का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी वापस जोरहाट लौटे और यहां लाचित बोरफुकन की प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा की नींव 2022 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रखी थी। लाचित बोरफुकन अहोम साम्राज्य के एक महान सेनापति थे। उन्हें 1671 की सरायघाट की लड़ाई में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम ने कहा कि उन्हें आज असम के लोगों के लिए साढ़े 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला है। इनमें स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम से जुड़ी परियोजनाएं हैं। इनसे असम में विकास की गति और भी तेज होगी। उन्होंने कहा कि यहां आने से पहले मुझे काजीरंगा नेशनल पार्क की विशालता, उसकी प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखने और जानने का अवसर भी मिला। काजीरंगा अपनी तरह का अनूठा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व है। पीएम मोदी ने बताया कि 'विरासत भी-विकास भी', डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। विरासत के संरक्षण के साथ ही असम की डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए भी उतनी ही तेजी से काम कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व तेज गति दिखायी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज असम के मेरे साढ़े पांच लाख परिवारों का अपने पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। मुझे खुशी है कि पीएम आवास योजना के तहत दिये गये ज्यादातर घर महिलाओं के नाम रजिस्टर्ड किये गये हैं। अब घर की मालकिन मेरी माताएं-बहनें बनी हैं। भाजपा सरकार देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने के अभियान पर भी काम कर रही है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को और सशक्त किया जा रहा है। उन्हें नये अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस अभियान का लाभ असम की भी लाखों महिलाओं को मिल चुका है।

### पटना में केंद्रीय गृह मंत्री ने राजद सुप्रीमो को दी चेतावनी

# जमीन माफिया को उलटा लटका कर सीधा कर देंगे : अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के पालीगंज में ओबीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार में जमीन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की घोषणा की। शाह ने कहा कि जमीन माफिया की अब खैर नहीं है। बिहार में डबल इंजन की सरकार फिर से बन गयी है। भू माफिया को उलटा करके सीधा लटकाने का काम एनडीए की सरकार करेगी। इसके लिए जल्द ही एक कमिटी का गठन किया जायेगा, जो कठोर कार्रवाई करेगी। उन्होंने काजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन्होंने गरीबों की भूमि कब्जायी है, उन्हें यह सरकार जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम करेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अपने संबोधन में आरजेडी पर माफिया राज को बढ़ावा देने के आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने सिर्फ पिछड़ों और अति पिछड़ों की जमीन हथियाने का काम किया है। शाह ने परिवारवाद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ अपने परिवार की भलाई के लिए काम किया। पिछड़ों के नाम पर राजनीति करने वाले लालू यादव भी इसी राह पर चले। सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसी तरह लालू का मकसद है कि उनके बेटे तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बन जायें।

**राजद-कांग्रेस ने कर्पूरी को सम्मान नहीं दिया**

अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर पहले ही बनना चाहिए था। लालू यादव ने लालकृष्ण आडवाणी को पकड़ कर राम रथ रोक दिया था। अब लालू कुछ नहीं कर सकते। बिहार की जनता हमारे साथ है। पीएम मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी करायी। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव जिनकी गोदी में जाकर बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा और अति पिछड़ा का अपमान किया। राजद और कांग्रेस ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तब सालों तक दादा साहेब कमीशन की रिपोर्ट को वे दबाकर बैठे। इंदिरा गांधी ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबा दिया। जब यह संसद में पेश हुई, तो राजीव गांधी ने दो घंटे भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। भाजपा ने इसका समर्थन किया था।

# एनडीए का बढ़ा कुनबा, टीडीपी हुई शामिल, पवन कल्याण भी साथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एनडीए गठबंधन लगातार अपना कुनबा बढ़ा रहा है। कई दिनों की अटकलों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी (जेएसपी) के बीच गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया है। इस दोस्ती पर मुहर लगने की घोषणा करते हुए टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि गठबंधन से लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आंध्रप्रदेश के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने में मदद मिलेगी।

**नायडू और शाह की हुई थी मुलाकात :** टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा के साथ गठबंधन करने को लेकर शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ दूसरे दौर की बातचीत की। गठबंधन के मद्देनजर नायडू और जन सेना प्रमुख साउथ के सुपरस्टार अभिनेता पवन कल्याण ने पहले भी शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। टीडीपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य के रवींद्र कुमार ने कहा कि भाजपा, जन सेना और उनकी पार्टी ने आगामी चुनावों में सैद्धांतिक रूप से एक साथ काम करने का फैसला किया है और आम सहमति बनाने के लिए तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे।

**होगा दोस्ती का फायदा :** भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट पर गौर करें, तो पार्टी मिशन साउथ मोड को पहले ही ऑन कर चुकी है। ऐसे में अगर दक्षिण भारत की बात करें, तो यहां पांच राज्यों (केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) में कुल मिलाकर 129 सीटें हैं। यहां एनडीए को कुछ हद तक कमजोर माना जा रहा है, जिसे लेकर भाजपा हाइकमान पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। आंध्रप्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं, जहां चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी इस बार बड़ी भूमिका निभा सकती है। ऐसे में टीडीपी की भाजपा के साथ दोस्ती बेहद अहम है। चार सौ के आंकड़े तक पहुंचने के लिए नायडू और पवन कल्याण की पार्टी का एनडीए में शामिल होना जरूरी माना जा रहा है।

**ओडिशा में बीजद के साथ नहीं बनी बात**

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत फेल हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने दिल्ली से भुवनेश्वर लौटने के बाद कहा कि हमारी पार्टी राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन या सीट बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम चुनावों के लिए अपनी तैयारियों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मिलने गये थे। भाजपा ओडिशा में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त है। पार्टी दोनों चुनाव अपने बल पर लड़ेगी। भाजपा और बीजद के बीच गठबंधन को लेकर सात मार्च को अटकलें शुरू हुई थीं। दरअसल, बीजद नेता वीके पांडियन और प्रणब प्रकाश दास सात मार्च को भाजपा के केंद्रीय नेताओं से मिलने एक चार्टर्ड विमान से दिल्ली गये थे। हालांकि, दिल्ली से लौटने के बाद बीजद नेताओं ने चुप्पी साधे रखी।

# जाति जनगणना के जरिये करेंगे देश का एक्स-रे : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के चुनावी वादों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना कराने के अपनी पार्टी के संकल्प को रेखांकित किया। एक्स पर एक पोस्ट में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन है। कितने हैं और किस स्थिति में हैं। क्या यह सब गिनना जरूरी नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में जाति सर्वेक्षण से पता चला कि 88 प्रतिशत गरीब आबादी दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों से आती है। उन्होंने कहा कि बिहार के आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक हैं। हमें अंदाजा भी नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हालत में रह रही है। इसलिए हम आने वाले समय में दो ऐतिहासिक कदम उठाने वाले हैं। जाति जनगणना और आर्थिक स्थिति को समझेंगे। इसके जरिये हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को उखाड़ देंगे। राहुल गांधी ने कहा, यह कदम देश का एक्स-रे करेगा और सभी को सही आरक्षण, अधिकार और हिस्सेदारी देगा। जाति जनगणना और आर्थिक स्थिति को समझने के लिए सर्वे का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इन दो कदमों से न केवल गरीबों के लिए सही नीतियां और योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि उन्हें पढ़ाई, कमाई, दवाई की लड़ाई से निकाल कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में भी मदद मिलेगी।

**लोस चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा**

### मायावती ने किसी भी गठबंधन से किया इनकार

लखनऊ (आजाद सिपाही)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव को लेकर ऐलान किया है कि बसपा अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। साथ ही उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों को भी खारिज कर दिया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। मायावती के ऐलान से पहले कई तरह की अटकलें लगायी जा रही थीं कि बसपा इंडी गठबंधन के साथ जा सकती है। वहीं कुछ लोग इस बात की भी चर्चा कर रहे थे कि यूपी में तीसरा मोर्चा भी तैयार हो सकता है। हालांकि मायावती के ऐलान के बाद ये सभी अटकलें खारिज हो गयी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा, खासकर यूपी में बसपा की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसलिए आये दिन किस्म-किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं। किंतु बहुजन समाज के हित में बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस में बड़ी टूट

# सुरेश पचौरी सहित कई नेता भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस को मध्यप्रदेश में एक बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी सहित कई बड़े नेता शनिवार को भाजपा में शामिल हो गये। सुरेश पचौरी ने हाल ही में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी हिस्सा लिया था। सुरेश पचौरी गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे। सुरेश पचौरी तीन बार राज्यसभा सदस्य रहने के साथ मध्यप्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं। मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस छोड़कर में भाजपा आये इन सभी नेताओं को टोपी और अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

**कांग्रेस के इन नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता :** सुरेश पचौरी के साथ भाजपा में शामिल होनेवालों में विशाल पटेल, गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, संजय शुक्ला, अर्जुन पलिया, आलोक चंसोरिया, कैलाश मिश्रा, योगेश शर्मा, अतुल शर्मा, सुभाष यादव और दिनेश ढिमोले शामिल हैं।

**भगवान उनका भला करें, भार उतरा: जीतू पटवारी :** इस प्रकरण पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सुरेश पचौरी ने इस्तीफा दिया और भाजपा ज्वाइन की। उन्हें मेरी शुभकामनाएं है। भगवान करें, वह भीड़ का हिस्सा न बनें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

1 Channel

YouTube Channel

Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.55 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.03 बजे |

### 2500 कुपोषित-गर्भवती महिलाओं को दी जायेगी पोषण किट

# गरीब बच्चों को एक कक्षा-एक किताब पुस्तक : संजय सेठ

**सामाजिक काम करने से ही जनता के दिल में बनती है जगह**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सांसद संजय सेठ की पहल पर रांची लोकसभा क्षेत्र की ढाई हजार गर्भवती और कुपोषित महिलाओं को पोषण किट मुहैया कराया जायेगा। इस पोषण किट में ड्राइफ्रुट्स, नट्स समेत कई पोषक चीजें शामिल हैं। भाजपा महानगर और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने गर्भवती और कुपोषित महिलाओं की लिस्ट तैयार की है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर किट का वितरण करेंगे। सांसद संजय सेठ ने शनिवार को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गेल इंडिया के सीएसआर मद से पोषण किट दी जा रही है। इस मौके पर एक कक्षा-एक किताब नाम की पुस्तक के वितरण का भी शुरुआत की गयी। सांसद ने कहा कि ढाई लाख पुस्तकें छपवायी गयी हैं। क्लास एक से पांच तक बच्चों के लिए यह किताब है। हर आंगनबाड़ी केंद्र को यह किताब दी जायेगी, ताकी बच्चे पढ़ सके।

**रांची को आदर्श लोकसभा बनाने का प्रयास किया :** सांसद ने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायीं। कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रांची को आदर्श लोकसभा बनाने का प्रयास किया। तीन साल के अंदर उनकी पहल से रांची लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए। तुपुदाना में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बना। अब हर रोज शराब और राइस फैक्ट्रियों समेत कई जगहों से आने वाला 35 लाख लीटर पानी एसटीपी में शुद्ध होकर स्वर्णरेखा नदी में जायेगाद्ध वहीं बड़गाईं में 304 करोड़ से एसटीपी बना है, जिससे हर दिन 53 वार्ड का 370 लाख लीटर गंदा पानी स्वच्छ होकर जुमार नदी में गिरेगा।

### रेलवे-एयरपोर्ट को केंद्र से फंड दिलाया

सांसद संजय सेठ ने कहा कि उनकी पहल पर ही झिरी में 300 मीट्रिक टन का वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बना है। इससे न सिर्फ कचरे का निस्तारण होगा, बल्कि 10 हजार लीटर सीएनजी गैस और 18 टन खाद बनेगा। सांसद ने बताया कि उनकी पहल पर 2023 में रांची रेलवे को सौंदर्यीकरण के लिए 2000 करोड़ मिले। इसमें रांची रेलवे स्टेशन का 488 करोड़, हटिया का 385 करोड़, पिस्का का 97 करोड़ और नामकुम का 18 करोड़ है। वहीं कुछ दिन पहले रांची रेलवे को और 400 करोड़ मिले हैं। केंद्र सरकार ने रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस दिया। वहीं एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण के लिए 118 करोड़ भी मिला है।

## आदिवासी मूलवासी संगठनों का आक्रोश मार्च 13 को

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासियों की जमीन की लूट और षड्यंत्र के तरफ फंसाने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की जमीन की लूट और आदिवासियों को ही षड्यंत्र कर फंसाया जा रहा है। झारखंड में आदिवासियों का जमीन लूटी जा रही है। धार्मिक सांस्कृतिक जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि 13 मार्च को कोकर के समाधि स्थल बिरसा मुंडा से लेकर बापू वाटिका तक आक्रोश मार्च रैली निकाली जायेगी। राज्य में आदिवासियों को जमीन लूटी जा रही है। साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसा कर जेल भेजा गया, इसका विरोध किया जायेगा।आदिवासी सेना अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक हथियार से लेकर आक्रोश मार्च निकाला जायेगा। मौके पर रूपचंद, विवेक ओझा, योगेश कुमार, उत्कर्ष त्रिवेदी, सुधांशु शेखर, प्रकाश कुमार सिन्हा समेत अन्य शामिल थे।

# श्री श्याम मंडल का दल खाटू धाम के लिए रवाना




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल का 60 सदस्यों का दल शनिवार को ट्रेन मार्ग से खाटू धाम निशान यात्रा के लिए रांची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान किया। 11 मार्च को रिंगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर दल खाटू धाम में श्री श्याम प्रभु और श्री हनुमान को निशान अर्पित करेगा। 12 और 13 मार्च को सालासर और झुंझुनूं धाम होते हुए 14 मार्च को जयपुर से प्रातः हवाई मार्ग से चलकर सुबह 10.30 बजे रांची वापस पहुंचेगा। यात्रा में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, अमित जालान, अंकित मोदी, कौशल अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, शशि बागला, मीना देवी गोयल, रत्न मोर शामिल हैं।

### दीपिका जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष

रांची (आजाद सिपाही)। दीपिका बेसरा को कांग्रेस के जामताड़ा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तत्काल प्रभाव से शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के बाद यह घोषणा की है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| | |
|---|---|
| **मेष** | नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है, परंतु स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव। |
| **वृष** | प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे,क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें। |
| **मिथुन** | सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है। |
| **कर्क** | नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा। |
| **सिंह** | नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे। |
| **कन्या** | व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे,जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा। |
| **तुला** | रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है,विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे। |
| **वृश्चिक** | बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी। |
| **धनु** | कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा। |
| **मकर** | आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कोरोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे। |
| **कुंभ** | नई नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना,विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। |
| **मीन** | मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे। |

## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ सुभाष को आज मैथिली साहित्य सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। साहित्यकार डॉ सुभाष चंद्र यादव को मैथिली भाषा साहित्य का प्रतिष्ठित विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान प्रदान किया जायेगा। इस संबंध में दूरदर्शन के पूर्व निदेशक साहित्य सम्मान के संयोजक प्रमोद कुमार झा ने शनिवार को बताया कि डॉ यादव को वर्ष 2023 का यह सम्मान मिलेगा। सुपौल के सुभाष चंद्र मैथिली, हिंदी, बांग्ला, संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी, स्पेनिश और फ्रेंच भाषा के भी जानकार हैं। मैथिली भाषा में लगभग 70 से अधिक कथाएं, 30 समीक्षा और हिंदी, बांग्ला, अंग्रेजी में अनेक अनुवाद प्रकाशित हैं। वर्ष 2013 में सुभाष चंद्र को प्रबोध साहित्य सम्मान मिल चुका है। 10 मार्च को रांची में विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान प्रदान किया जायेगा। मौके पर विश्वंभर फाउंडेशन के प्रमुख नवीन झा, राजेश झा, अमरनाथ झा, डॉ मोहन झा, किशोर झा, गौतम सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### सरहुल पूर्व संध्या समारोह 10 अप्रैल को



रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा संकाय रांची विश्वविद्यालय परिसर में सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति के तत्वावधान में 10 अप्रैल को दीक्षांत मंडप में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का भी लोकार्पण किया जायेगा। पांच लोगों को संघ द्वारा सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। अगली बैठक 17 मार्च को होगी। इसमें डॉ हरि उरांव, बीरेंद्र उरांव, जोहे भगत, डॉ बंदे खलखो, पंकज कुजूर, सुखराम उरांव, जगदीश उरांव, गणेश उरांव, फूलदेव उरांव, लक्ष्मण उरांव, प्रियंका कुमारी, कृष्णा उरांव उपस्थित थे।

### ओबीसी मोर्चा की राउंड टेबल कांफ्रेंस आज

रांची (आजाद सिपाही)। एससी-एसटी, ओबीसी वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में प्रमुख मुद्दे को लेकर राउंड टेबल कांफ्रेंस का आयोजन रविवार को पब्लिक स्कूल धुर्वा में होगा। इसमें सभी दलों के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि इस मुद्दे पर विभिन्न दलों का क्या मत है, राज्य के जनता को पता चल सके। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम में राज्य के बुद्धिजीवी सहित दिल्ली से इसके जानकार प्रमुख वक्ता डॉ ओम सुधा शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल करने के लिए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के आरपी रंजन, एससी-एसटी ओबीसी परिसंघ के रुचि कुजूर प्रमुखता से लगे हुए हैं।

### इश्वरीय विवि में स्नेह मिलन कार्यक्रम

रांची (आजाद सिपाही)। पिठोरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को इश्वरीय स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहली बार अनोखा विवाह हुआ। इसमें शिव बाबा दूल्हा बने और ब्रह्मकुमारी की बीके राजमती और बीके वीना दुल्हन बनी। विवाह की सभी रस्म निभायी गयी। ब्रह्मकुमारी बीके राजमती और वीना ने अपने पूरे जीवन को परमात्मा शिव को अर्पित कर उन्हें जीवन सेवा के रूप में चुनकर आध्यात्मिक सेवा का बीड़ा उठाया है। मौके पर डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, आशुतोष द्विवेदी, राजकुमार पोद्दार, अन्नू पोद्दार, राहुल कुमार दुबे, गोपाल सिंह, पम्मी कुमारी, रंजीत गुप्ता, विजय पांडेय, समाप्ति देवी, ऊर्मिला देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरला बिरला विवि में डायरेक्ट टैक्स मैनेजमेंट पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य-प्रबंधन विभाग में डायरेक्ट टैक्स मैनेजमेंट प्रैक्टिकल इंप्लीमेंटेशन इन टैली एंड एक्सल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आइसीए के सेंटर हेड रजनीश पांडा ने पाठ्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेषज्ञ इंद्रनील रॉय ने अनुभव को साझा करते हुए एडवांस एक्सल संबंधित जानकारी दी। टैक्स विशेषज्ञ दीपेंद्र नाथ शाहदेव ने छात्र-छात्राओं के बीच प्रत्यक्ष कर से संबंधित सभी पहलुओं पर बात की। कार्यक्रम में एलजी हनी सिंह, कुलपति प्रो गोपाल पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, प्रो करण प्रताप सिंह, डॉ गौतम तांती सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यशाला के लिए अपनी शुभकामना प्रेषित की।

## झारखंड में गर्मी ने दस्तक दी, बदला मौसम का मिजाज

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में गर्मी की दस्तक पड़ चुकी है। मौसम में बदलाव के साथ ही तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को भी गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र ने भी इसे लेकर जानकारी दी है। केंद्र ने बताया है कि आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। आने वाले दो दिनों तक तापमान में किसी तरह का बदलाव नहीं दर्ज किया जायेगा, लेकिन इसके बाद तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। यह वृद्धि राज्य के अधिकतम तापमान में होगी। इससे लोगों को अधिक गर्मी का एहसास होगा। केंद्र ने बताया है कि आने वाले 10 से 12 मार्च तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान दिन के समय धूप रहेगी, जिससे लोगों को अधिक गर्मी का एहसास होगा।

# अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, बुजुर्ग की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित सिरमटोली के एक अपार्टमेंट में दर्दनाक हादसा हुआ। फ्लैट में आग लगने के कारण उसकी लपटों में तड़प-तड़प कर बुजुर्ग की मौत हो गयी। वहीं, इस घटना में एक महिला पूरी तरह से झुलस गयी और उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शनिवार सुबह की है।

मृतक का नाम जुलतन सुरीन है और उनकी बहन का नाम जोलेन होरो है, जो पूरी तरह से झुलस गयी है। बताया जाता है कि



शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि एक व्यक्ति जिंदा जल गये। मामले की जानकारी मिलने के बाद चुटिया थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिविल कोर्ट में शनिवार को साल 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान दिव्यांग बच्चे को व्हील चेयर दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिंग, चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिक, दीवानी, श्रम, पारिवारिक वाद, उत्पाद के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को को चिह्नित कर उसके निष्पादन के लिए 45 बेंचों पर सुनवाई की गयी। 43 हजार मामले विभिन्न बेंच में सुलह के लिए रखे गये। इसमें 26 हजार मामले न्यायिक और 17 हजार मामले ट्रैफिक के हैं।

## घायल महिला की रिम्स में सर्जरी खतरे से बाहर

रांची (आजाद सिपाही)। रांची की रहने वाली शांति देवी (बदला हुआ नाम) को उसके परिजन ने 22 फरवरी को पेट में छह जगह छुरा मार दिया था। छुरे के वार से उसका लीवर, डायफ्राम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। लीवर तीन जगह से क्षतिग्रस्त हुआ था। रिम्स आने के बाद मरीज का ऑपरेशन सर्जरी विभाग के प्रो डीके सिन्हा और डॉ विनय कुमार के मार्गदर्शन में डॉ निशिथ एक्का, सह प्राध्यापकए डॉ अभिनव रंजन, डॉ सौम्या, डॉ नाबू, डॉ सौरव की टीम ने किया। कई घंटे तक चली इस सर्जरी में रक्तसाव को रोककर क्षतिग्रस्त अंगों को ठीक किया गया। मरीज की सर्जरी आइसीयू में की गयी। अब मरीज खतरे से बाहर है। यह जानकारी रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन ने शनिवार को दी ।

### रियल एस्टेट में निवेश का सीखा गुर

# प्रोफेशन इन्वेस्टमेंट क्लब के संथापक सुनील ने सिखाया निवेश का फार्मूला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रियल स्टेट आज दुनिया भर में रोजगार प्रदान करने के मामले में दूसरे नंबर का सेक्टर है। भारत में इस व्यवसाय को फलने फूलने की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत केवल इस बात की है कि लोग इस व्यवसाय के बारीकियों से परिचित हों। उक्त बातें सुनील तुलस्यानी ने कहीं। तुलस्यानी भारतीय मूल के रहने वाले हैं। इनका व्यवसाय कनाडा में है। ये मूलतः रियल स्टेट व्यवसायी, लेखक और प्रशिक्षक हैं। इस प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के आयोजक आचार्य अमरेश थे। आचार्य अमरेश अमीषा रियल स्टेट के फाउंडर लेखक और कोच हैं। अमीषा रीयल स्टेट डेवलपर राची की प्रमुख कंपनी है। उनका मानना है कि देश का विकास तभी होगा, जब हमारे युवा स्किल के साथ मोटिवेशन भी सीख लेंगे। दोहा कतर से आये जीवन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के रियल स्टेट व्यवसायों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। महाराष्ट्र के जीमित कुमार ने कहा कि हमारे लिए यह एकेडमी और इसके कार्यक्रम उत्साह और आइडिया से भरने वाले होते हैं। इस अवसर पर कोल इंडिया के पूर्व सीएमडी अजय कुमार सिंह, बीपी सिंह, अनुज कुमार, दीपक, पंकज, रवींद्र, सुनील, डॉ डीसी पांडेय और हैदराबाद की सोनी समेत अन्य उपस्थित थे।

# संसाधनों पर झारखंडियों का हकः एस अली

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बिना कोई नियोजन नीति के राज्य में हो रही नियुक्तियों में दूसरे राज्यों के लोगों की बहाली, अल्पसंख्यक अधिकारियों के ट्रांसफर में भेदभाव के खिलाफ आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में रांची जिला के आजसू पार्टी कार्यकर्ता की बैठक शनिवार को हुई। केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने कहा कि झारखंड के संसाधनों और नौकरी में आदिवासी-मूलवासी का ही अधिकार है, लेकिन चंपाई सोरेन सरकार ने झारखंडी भावनाओं के दरकिनार कर गैर आरक्षित पद दूसरे राज्यों के लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया है।

वर्तमान पीजीटी शिक्षक और जूनियर इंजीनियर नियुक्ति में बड़े पैमाने पर उतरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान और दिल्ली के लोगों को सरकार द्वारा नियुक्त पत्र दिया गया, जो निंदनीय है और झारखंडी युवाओं के अधिकार छीनने जैसा है। सरकार ने शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर वर्ष 2013, 2016 में टेट उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को नजरंदाज कर पहले प्रारंभिक विधालयों के लिए रिक्त सहायक शिक्षक पद का नाम बदला और ग्रेड पे आधा किया, उसके बाद उर्दू सहायक शिक्षक के खाली 3712 पदों का नाम सहायक आचार्य कर दिया। वहीं ग्रेड पे 4200 को घटाकर 2400 कर दिया गया। सरकार के इस निर्णय से युवाओं में निराशा है। बैठक में जियाउद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, अब्दुल गफ्फार, एकराम हुसैन, अफताब आलम, जावेद अंसारी, इमरान अंसारी, अबु रेहान, अब्दुल बारी, शेख अयुब, नसीम अंसारी, फिरोज अंसारी आदि शामिल थे।

# कल्पना सोरेन को पहली बार वाई श्रेणी की सुरक्षा

**झारखंड के 6 नेताओं को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विशेष शाखा ने झारखंड के 119 वीआइपी की सुरक्षा का नये सिरे से आडिट किया है। आसन्न खतरों को देखते हुए उन्हें विभिन्न श्रेणियों की सुरक्षा उपलब्ध करायी गयी है। समीक्षा के बाद राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य वीआइपी की सुरक्षा श्रेणियों का वर्गीकरण केंद्रीय गृहमंत्रालय से निर्गत गाइडलाइंस के अनुसार किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जहां जेड प्लस की सुरक्षा मिली है, वहीं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को पहली बार वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है।



**इन्हें दी गयी है जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक बरहेट हेमंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन व राज्यपाल ओड़िशा सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


# प्रदीप वर्मा और आशा लकड़ा को भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार और आशा लकड़ा को राष्ट्रीय जनजाति आयोग का सदस्य बनाये जाने पर प्रदेश नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य नेताओं ने खुशी जतायी। बाबूलाल मरांडी ने डॉ प्रदीप वर्मा और आशा लकड़ा को बधाई दी है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। मरांडी ने कहा कि नेतृत्व ने पार्टी के विचार एवं संगठन कार्य के लिए समर्पित कार्यकर्ता को सम्मान दिया गया है।

## प्रदीप वर्मा का योगदान

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में राज्यसभा के लिए होने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। भाजपा ने प्रदीप वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। कौन हैं प्रदीप वर्मा और भाजपा संगठन में इनका क्या योगदान रहा है, आइये जानते हैं।



### संक्षिप्त परिचय

**पिता :** स्व. सेठ राम अवतार प्रसाद
**जन्म तिथि :** 24 फरवरी 1972
**शिक्षा :** बी कॉम, एमबीए, एमए (हिंदी ) पीएचडी
**ईमेल :**
**मोबाईल :** 9525120999, 9431107337
सामाजिक वर्गः ओबीसी वैश्य
पता : ग्राम-आरा, पोस्ट-महिलौंग, जिला-रांची-835103 (झारखंड)

### सामाजिक गतिविधियां

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, द्वितीय वर्ष प्रशिक्षित स्वयंसेवक।
सेवा भारती, झारखंड की प्रांतीय टोली में सह सचिव के नाते कार्य करने का अनुभव।
सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रांतीय सम्पर्क टोली (2009 से 2012)।
अध्यक्ष, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड (6788 सदस्य परिवार)।
अध्यक्ष, झारखंड राज्य शतरंज सघ ।
अध्यक्ष, झारखंड वुशु एसोशिएसन ( झारखंड का सर्वाधिक पदक जितने वाला खेल संघ)।
अध्यक्ष, पब्लिक पॉलिसी फॉर इंडियन पीपुल।
संस्थापक एवं संरक्षक, छोटानागपुर सरना समिति (रांची जिला के 147 पंचायतों में गठित
समितियों का आदिवासी संगठन)।
संरक्षक, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, झारखंड प्रदेश।
अध्यक्ष, स्वान्तः सुखाय चैरिटेबल ट्रस्ट ।
अध्यक्ष, उत्थान शिक्षा समिति, रांची।

### राजनीतिक दायित्व एवं गतिविधियां

1992, भाजपा प्राथमिक सदस्य, खिजरी मंडल, रांची।
1994, भाजपा सक्रिय सदस्य, खिजरी मंडल, रांची।
1997, भाजपा सदस्यता प्रभारी, खिजरी मंडल, रांची।
2011, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश सह-प्रशिक्षण प्रमुख।
2013, प्रदेश मंत्री, भाजपा झारखंड।
2015, प्रदेश सदस्यता प्रभारी।
2016, प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा झारखंड।
2020, प्रदेश महामंत्री, भाजपा झारखंड।
वर्तमान, प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी, भाजपा झारखंड।
सदस्य, राष्ट्रीय टोली, स्वावलंबी भारत अभियान।
झारखंड प्रांत के प्रवासी कार्यकर्ताओं की टोली का उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, गुजरात, त्रिपुरा एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में कार्य संयोजन का अनुभव।

### अन्य गतिविधियां

संस्थापक सदस्य एवं संचालक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, सरला बिरला सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट, महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लिनिकल टेक्नॉलॉजी, रांची ( झारखंड )। स्वतंत्र निदेशक, एम. एम.टी.सी. लिमिटेड, भारत सरकार। सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति, भारतीय डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार।

# विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने पर झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा : सुदेश

**सरकार की गलत नीति से राज्य का भविष्य बर्बाद**

**पूर्व विधायक गणेश ने समर्थकों संग आजसू की सदस्यता ली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/चतरा।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि टंडवा समेत राज्य के कई इलाके में लोग विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं। विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने पर आम आदमी के खिलाफ मुकदमा कराया जाता है। जनता शासन से डरी हुई है। झूठे एफआइआर से लोगों को डराया जा रहा है। हक और अधिकार देने की सरकार के पास न नीति है और न ही नीयत। सुदेश कुमार महतो टंडवा स्थित किशनपुर मैदान में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सिमरिया के पूर्व विधायक गणेश गोंझू ने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आजसू प्रमुख ने कहा कि स्थानीय, नियोजन और विस्थापन नीति बनाने का वादा कर सत्ता में आयी सरकार इनमें से एक भी नीति नहीं बना पायी। आजसू पार्टी के प्रयास से विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने संबंधी अनुशंसा पर भी सकारात्मक पहल नहीं की गयी।

सुदेश महतो ने कहा सरकार ने समाज के हर वर्ग से कभी न पूरे होने वाले वादे किये। इनका इरादा कभी भी जनहित से जुड़े विषयों को सुलझाने का नहीं, बल्कि उन्हें और उलझाने का रहा है। यह वर्ष इनकी विदाई का वर्ष है। सरकार ने वादा किया था कि दो साल के अंदर लाखों झारखंडी युवक-युवतियों को सरकारी पदों पर नियुक्ति दी जायेगी। आज तक दस हजार लोगों को भी सरकार रोजगार नहीं दे पायी। कहा कि मीडिया में दिखने से अधिक जनता के बीच दिखने की जरूरत है। मंच और पंच आपसी तालमेल से काम करें।

### इनकी रही उपस्थिति

केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रोशन लाल चौधरी, विकास राणा, सिद्धार्थ शंकर राय, अशोक गहलोत, पारस नाथ सिंह, उमेश भोक्ता, महेश महतो, नंद थापा, रंजीत थापा, संदीप सिंह, शिव लाल दांगी उपस्थित रहे।

## रांची में युवाओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन




रांची। थड़पखना उर्दू स्कूल मैदान में रांची के युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इसमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी है। राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान तबरेज शम्स उर्फ अर्शी के नेतृत्व में काफी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंच का संचालन मो आमिर सोहेल ने किया।

# समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान सराहनीयः काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर काले द्वारा 'मातृशक्ति को नमन' कार्यक्रम आयोजित, शहर की सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। नमन कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 'मातृशक्ति को नमन' कार्यक्रम बहुत ही भव्य तरीके से आयोजित किया गया जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कई संस्थाओं की सैकड़ों महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। जिसमें मुख्य रूप से शहर की सफाईकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेहतर समाज की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभा रही समस्त मातृशक्ति को उनके अद्भुत आत्म बल, दृढ़ इच्छा-शक्ति और संकल्प को नमन करने का जो जिंदगी के हर विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी निडर और निर्भीक रहकर हर चुनौतियों का सामना करते हुए बेहतर समाज के प्रगति में अपनी अहम भूमिका अदा करती है। इस मौके पर नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा आपका अद्भुत आत्म बल, दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प को मैं हृदय की अनंत गहराइयों से नमन करता हूं, क्योंकि आप गृहस्थ जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक हर जगह, हर क्षेत्र में और हर परिस्थिति में अपना परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, बिमला प्रधान, जिला परिषद सदस्य देवयानी मूर्मू, जिला पार्षद कुसुम पूर्ती, क्रिड़ा भारती के राजीव कुमार, भागवत आचार्य कथावाचिका लता सिन्हा, महिला पतंजलि महामंत्री करूधरा सिंह, कायस्थ समाज महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सिन्हा, भाजपा नेत्री राजपति देवी, वात्सल्य परिवार प्रमुख प्रीति श्रीवास्तव, भाजपा नेत्री ममता कपूर, समाजसेविका ब्यूटी तिवारी, हिंदी शिक्षिका बेल्डीह चर्च मीरा मिश्रा, इकोनामिक लेक्चर श्वेता सिंह, वाइस प्रिंसिपल विवेकानंद भुइयाडीह चंदा सिन्हा, बिना सिंह एल आई सी डिओ, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा नीरू सिंह, स्वदेशी जागरण मंच अनीता सिंह, एडवोकेट विनीत मिश्रा, एडवोकेट विनीता सिंह, एक्स एल आर आइ अंशु सिंह, एडवोकेट रिया मित्रा सहित अन्य ने अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन रितिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीना सिंह, मिष्टु सोना, बंदना नामता, पुतुल सिंह, मिनी सिंह, आरती मुखी, सावित्री देवी, डी मनी, सीमा जयसवाल, सुलोचना देवी, रंजीता राय, पल्लवी कौर, सीलू साहू, आभा वर्मा, लख्खी कौर, रिंकी देवी, ममता दास, लीना चौधरी, सिमी कश्यप, नमीता उपाध्याय, शुक्ला हलदर, संध्या दास, ममता सिंह सहित सैकड़ों महिलाओं ने भागीदारी निभाई।

## सिविल सर्विस परीक्षाः एडमिट कार्ड 12 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग जेपीएससी सिविल सर्विस की परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि यानी 17 मार्च को ही होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। इसे लेकर एडमिट कार्ड 12 मार्च को जारी किया जायेगा। जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र की जानकारी के लिए जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 10 मार्च और 11 मार्च को जानकारी ली जा सकती है। परीक्षा दो पालियों में होगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में जुटे 2.5 लाख भक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदि शंकराचार्य का पोस्टर लांच**

**रांची।** आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केंद्र मंत्रोच्चारण, भजन और ज्ञान से गूंज उठा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर की उपस्थिति में 2.5 लाख से भी अधिक लोगों ने पवित्र ध्यान और मौन में भाग लिया। महाशिवरात्रि की संध्या पर मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के बीच गुरुदेव ने पावन रुद्राभिषेक किया। यह एक वैदिक अनुष्ठान है, जो शिव के रुद्र रूप के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किया जाता है। यह अनुष्ठान भक्तों को प्रसन्नता और समृद्धि प्रदान करता है। उनकी इच्छाओं की पूर्ति भी करता है। गुरुदेव कहते हैं कि शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष हैं। गुरुदेव की उपस्थिति में संत आदि शंकराचार्य के जीवन और महिमा पर आधारित आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब श्रृंखला के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। श्रीश्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने कहा कि आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं, लेकिन हर कोई उनके जीवन के विषय में नहीं जानता है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन विविध घटनाओं से परिपूर्ण था, जिसमें उन्होंने पूरे देश की पैदल यात्रा की, जिससे देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया गया।

## खाटू नरेश के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजा

# श्री श्याम मित्र मंडल का 103वां श्याम भंडारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड श्याम मंदिर में 103वां श्याम भंडारा हुआ। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमान परिवार के संतोष जैन, किरण जैन, विजय जैन, श्रद्धा जैन, विराज जैन, अधिराज जैन ने भंडारे का प्रसाद मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को अर्पित किया। भंडारा के समय श्याम मंदिर में भक्तों की भीड़ लग गयी। खाटूनरेश के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, संतोष जैन के परिजनों के नेतृत्व में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर विश्वनाथ नारसरिया, संतोष जैन, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू रतन, विजय जैन, श्रद्धा जैन, अनिल नारनोली, प्रेम प्रकाश, आर्य नरेंद्र जैन, केसर सिंह, डॉ दिनेश गुप्ता समेत उपस्थित थे।

### आज खाटू नरेश का महास्नान

खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रविवार को फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान उत्सव होगा। महास्नान के बाद मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहना कर विशेष दिव्य शृंगार करके पंचमेवा भोग लगाया जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुख्यमंत्री से कमांडेंट शेरखाने ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल 26वीं के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयंसिद्धा पुस्तक भेंट की।

### शैल्बी डिवाइन हॉस्पिटल ने महिला डॉक्टरों-कर्मियों को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। विश्व महिला दिवस पर शैल्बी डिवाइन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सभी महिला डॉक्टरों और महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही मरीजों और उनकी महिला रिश्तेदारों को गुलाब का फूल देकर सम्मान दिया। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अपने वादे के अनुसार सभी महिला रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। महिला रोगियों को पैथोलॉजिकल टेस्ट, रेडियो इमेजिंग टेस्ट और दवाओं पर विशेष छूट दी गयी। एल इन प्रस्तावों को 16 मार्च तक बढ़ा दिया गया है।

### दिव्यांगों ने राजभवन के समक्ष बजायी थाली

रांची (आजाद सिपाही)। दिव्यांगजनों ने शनिवार को राजभवन के समक्ष मांगों को लेकर थाली बजायी। इस दौरान दिव्यांगजनों ने सरकार को चुनाव के दौरान किये गये वादे को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने से पहले झामुमो की ओर से कहा गया था कि सरकार बनी तो दिव्यांगों को 2500 रुपये महीने पेंशन दी जायेगी, लेकिन सरकार बनने के साढ़े चार साल बाद भी उन्हें पेंशन को लेकर कोई आश्वासन तक नहीं मिला है। मौके पर दिव्यांग शमशेर आलम ने कहा कि राज्य में सरकार की ओर से अबुआ आवास-पेंशन योजना, सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। दस्तावेजों में दिव्यांगों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की छूट दी गयी है। इसके बावजूद दिव्यांगों को नौकरी नहीं मिल पा रही है।

### श्री राणी सती दादी मंदिर में होली रंगोत्सव 15 से




रांची (आजाद सिपाही)। श्री राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वावधान में 15 से 17 मार्च तक श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय होली रंगोत्सव महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल, महोत्सव के संयोजक प्रदीप नारसरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री राणी सती मंदिर रांची में प्रथम बार होली रंग उत्सव में श्री नारायणी नमो नमः का भजन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को संध्या चार बजे से श्री गणेश पूजन होगा। कथा वाचक तेजस राणा होंगे। 16 मार्च को प्रातः आठ बजे श्री दादी जी का जलाभिषेक, 10 बजे से मेहंदी उत्सव कार्यक्रम कृष्ण यादव और मनोज शर्मा द्वारा होगा। दादी जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भक्तों को विभिन्न विभागों की जिम्मेवारी दी गयी। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि समस्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर महोत्सव को सफल बनायें।

### श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव आज



रांची (आजाद सिपाही)। आगामी 10 मार्च को सत्संग विहार मंदिर का उद्बोधन एवं परम दयाल युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के 136वें शुभ जन्मोत्सव की तैयारी पूरी हो गयी है। सत्संग बिहार कांके में शनिवार को आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सत्संग विहार मंदिर का उद्बोधन करने के लिए परम पूज्य आचार्य देव के आशीर्वाद से पूजनीय सिपाई दादा वैदिक विधि विधान से 10 मार्च को सुबह 8:42 में सत्संग विहार का उद्बोधन करेंगे, तत्पश्चात निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धर्म सभा का आयोजन 11:30 दिन से प्रारंभ होगा। इस मौके पर अमल डे, डॉ जयदीप पति एवं शैलेश कुमार सिन्हा के अलावा के हजारीबाग के सह प्रति ऋत्विक भी उपस्थित थे। परम दयाल से श्री ठाकुर जी के सत्संग स्थापना के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि ठाकुर जी ने सत्संग की स्थापना का उद्देश्य मनुष्य को सोलह आना मनुष्य बनाना है। श्री ठाकुर जी ने बताया कि मनुष्य की यह अदम्य इच्छा होती है कि वह बचे और बढ़े इसके लिए उन्होंने पांच नीति दी है। कहा कि परम दयाल श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव मनाने का सर्वोच्च उद्देश्य के रूप में जन्मोत्सव एक संसाधन भी है जहां हमारा चरित्र का विकास होता है। पदम दयाल पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी की 136 में जन्मोत्सव के माध्यम से समस्त जीव जगत के जीवन के अस्तित्व की रक्षा और संवर्धन के लिए युग पुरुषोत्तम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आपका सहयोग सत्संग विहार आप सभी से अपेक्षा करता है।

## अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू पुलिस ने खूंटी-चाईबासा मुख्य मार्ग पर नील फैक्ट्री के समीप चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार युवक को 400 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित अड़की थानांतर्गत चोंडोरडीह गांव निवासी हिंदू हस्सा के विरुद्ध मुरहू थाने में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और बाइक जब्त की गई है। छापामारी में मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा सहित सशस्त्र बल के जवान थे।

### चेक बाउंस मामला : अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता के बीच समझौता

# अभिनेत्री ने पैसे वापस करने के लिए दिये पांच चेक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को चेक बाउंस से जुड़े मामले में आरोपी अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच रांची सिविल कोर्ट में मध्यस्थता के माध्यम से एग्रीमेंट हुआ। इसमें पहली किस्त के रूप में 20 लाख रुपये का चेक से भुगतान अमीषा पटेल की ओर से शिकायतकर्ता को किया गया।



दोनों पक्ष वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े। इस दौरान झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सह हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने भी उनसे बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच 2 करोड़ 75 लाख देने का समझौता हुआ है। पहली किस्त के रूप में 20 लाख का भुगतान हुआ। वहीं, दूसरी किस्त में 50 लाख, तीसरी किस्त 70 लाख, चौथी किस्त 62 लाख और अंतिम रूप में 31 जुलाई 2024 को 62 लाख रुपये का भुगतान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को होना है। पूर्व में अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता को 11 लाख रुपये का भुगतान कर दिया था।

दरअसल, फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने ढाई करोड़ रुपया लिया था। पैसा वापसी के लिए जो चेक अमीषा पटेल की ओर से दिया गया, वह बाउंस कर गया था। अजय कुमार सिंह के द्वारा पैसा मांगने पर अमीषा पटेल ने दो चेक दिया।

## पिपरवार के बचरा में सुदेश महतो का किया गया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। बचरा चार नंबर चौक में शनिवार को झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार सुदेश महतो रांची से पिपरवार के रास्ते टंडवा एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतों चौक में कार्यकर्ताओं ने उसका स्वागत किया। आजसू के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर व माला पहनाकर सुदेश महतो का स्वागत किया। वहीं, सुदेश महतो ने बारी-बारी से सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे जाने का आह्वान किया। सुदेश महतो ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। कहा कि आगामी चुनाव के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है, जिसको लेकर सभी प्रखंडों में मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। मौके पर पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, भीम सिंह यादव, अर्जुन महतो, नरेश महतो, अवधेश महतो, राजेश महतो, उगन महतो, शंभु गुप्ता, सुरेंद्र राम, काशीनाथ महतो, कमलजीत सिंह, आनंद करमाली, प्रकाश लोहार, रवि शंकर जायसवाल, प्रमोद प्रजापति, विनय सिंह, रामू गोप, राम बच्चन यादव आदि मौजूद थे।

## पिपरवार दौरे पर पहुंचे सीसीएल के निदेशक ऑपरेशन ने किया कोयला खदान का निरीक्षण



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल के निदेशक (ऑपरेशन) हर्षित दुहान ने शनिवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना खुली खदान का औचक निरीक्षण किया। कोयला उत्पादन और कोयला डिस्पैच सहित अन्य बातों की जानकारी ली। कोयला खदान विस्तारीकरण में भूमि अधिग्रहण को लेकर उत्पन्न हो रही समस्या की जानकारी ली और कोयला उत्पादन व डिस्पैच बढ़ाने को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिया। इसके बाद पिपरवार में खुलने वाली नई भूमिगत खदान के स्थल का भी निरीक्षण कर तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ सीएचपी/सीपीपी कोल वासरी और कारो सोलर प्लांट का भी निरीक्षण किया। पिपरवार संगम विहार क्लब में निदेशक पर्सनल ने स्थानीय विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इजिसमें कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में निदेशक पर्सनल ने कोयला उत्पादन डिस्पैच सहित अन्य कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, जीएसपी शर्मा, एके सिंह, जगदीश मंडल, मुकेश तोषांग, डीपी रोय, इंद्रजीत सिंह, डीके शर्मा, जेएन दत्ता, अरूण महतो, संजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे।

## चतरा और हजारीबाग लोकसभा चुनाव पर चर्चा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में शनिवार को आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस, झामुमो, राजद, सीपीआई, रैयत विस्थापित मोर्चा आदि सभी सहयोगी दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह और संचालन रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय को उम्मीदवार बनाने की मांग की गई। बैठक में महागठबंधन के सभी लोगों से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन के उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं, वक्ताओं ने अपने संबोधन में केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आचोलना की। केंद्र सरकार को मजदूर, गरीब और किसान विरोधी करार दिया। महंगाई, बेरोजगारी के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव में चतरा और हजारीबाग सीट से आइएनडीआइ गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी। इश दौरान सभी घटक दलों के लोगों से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। मौके पर मुद्रिका प्रसाद, इस्लाम अंसारी, कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह, सतीश पाण्डेय, अब्दुल कुदुस अंसारी, अभय सिंह, राजेंद्र गुप्ता, जितेंद्र कुमार, निर्मल महतो, जुबैर आलम, रामचंद्र उरांव, जुलफिकार अली, पिंकी सिंह, बाबूलाल राम, गुरूदयाल सिंह, रवि भारद्वाज, मंगल साव, बिजली महतो, इरफान आलम, सकील अंसारी, पप्पू खान, मोहम्मद जुलफाम, दिरपाल भगत, उमेश यादव, बंसत गुप्ता, सकील अंसारी, मो नेजाम, किशन सिंह, जाबीर अंसारी, दीपक केशरी, शहनवाज आलम, विजय बाउरी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न वादों को सुलझाने का एक सक्षम-सुलभ माध्यम : राजश्री

# लोक अदालत में 12,935 मामलों का निष्पादन, 4 करोड़ की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित 6 बैंचों में मामलों की सुनवाई करते हुए 12,935 मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें चार करोड़ 11 लाख 63 हजार 949 रुपये की राशि का समायोजन किया गया। प्राधिकार की सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है, जिसमें लोग अपने मामलों का त्वरित निष्पादन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि यह इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत है और इसमें लंबित वादों के दोनों पक्षों के बीच जीत होती है। बताया गया की प्रथम बैंच में अपर जिला जज संजय कुमार, अधिवक्ता प्रेम प्रकाश होरो और मिलन कुमार दास तथा राजेश कुमार थे, जबकि दूसरे बैच में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक, कविता कुमारी, तृतीय बैंच में एसडीजेएम दिनेश बाउरी, अधिवक्ता आशीष कुमार, अनिभा तिर्की, चतुर्थ बैंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद, अधिवक्ता मदन मोहन राम और करम सिंह प्रमाणिक, पंचम बैंच में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक और अधिवक्ता मनोज कुमार ठाकुर थे, जबकि छठे बैंच में उपभोक्ता फॉर्म की अध्यक्ष रीता मिश्रा, सदस्य सुरेश कुमार राय और राधा रानी थे। लोक अदालत में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंकिंग, मोटर वाहन दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग और बिजली से संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए।



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश।

## इचागढ़ में 65 लाख की लागत से निर्मित 9 योजनाओं का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

इचागढ़। प्रधानमंत्री आयुष्मान निधि से स्वीकृत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के धुनाबुरु पंचयात व ईचागढ़ प्रखंड के मैसाड़ा पंचायत के काड़का में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि एक करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से दोनों उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य होगा। जिससे दोनों पंचायत के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इसी क्रम में विधायक ने ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में करीब 65 लाख के लागत से निर्मित 9 विकास योजनाओ का उद्घाटन शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने तालाब जीर्णोद्धार, चबूतरा व पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा ग्रामीणों की मांग पर सभी योजनाओं का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा योजनाओं का निर्माण होने से लोगों को लाभ मिलेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी,झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, निताई उरांव, अर्जुन सिंह मुंडा, प्रखंड सचिव अभय यादव, गणपति कैवर्त, सपनसिंग देव, अघर महतो, हाकीम महतो, लखीकांत मुंडा, हरेन महतो, बिजेन महतो, हृदय महतो आदि काफी संख्या में ग्रामीण जनता व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खलारी बीडीओ ने लपरा क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी बीडीओ संतोश कुमार ने शनिवार को लपरा पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान नावाडीह ग्राम में मनरेगा योजना से संचालित सावित्री देवी का बिरसा संवर्धन सिंचाई कूंप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। जिसके बाद राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को देखा। साथ ही उन्होने विद्यालय में मिल रहे मध्याह्न भोजन की भी जांच की। वहीं नावाडीह ग्राम में ही लाभूक सरिता देवी के जमीन पर अबुआ आवास योजना का ले-आउट बीडीओ संतोश कुमार और मुखिया पुतुल देवी की उपस्थिति में कनीय अभियंता द्वारा किया गया। लपरा पंचायत के महुआटांड़ में आदिम जनजाति समूह के बिरहोरों के लिए जनमन योजना के तहत बन रहे आवास का निरीक्षण किया गया। वहीं राजकीयकृत मध्य विद्यालय लपरा में मतदान केंद्र संख्या 1 और 2 में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जांच करने के बाद उन्होने अंत में पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया। मौके पर लपरा की मुखिया पुतुल देवी, ग्राम प्रधान रविन्द्र मुंडा, प्रखंड समन्वयक किशोर कुजूर, कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता, जनसेवक आदित्य नाथ झा सहित शामिल थे।



### खलारी डीएसपी ने थाना प्रभारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

# अपराध और उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए अपने-अपने क्षेत्र में चलायें छापामारी अभियान : डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी डीएसपी कार्यालय में शनिवार को डीएसपी रामनारायण चौधरी ने पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीएसपी ने थाना प्रभारियों को अपराध व उग्रवाद नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि अपराध व उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाएं। लंबित कांडो का अनुसंधान पूर्ण करें तथा पुराने कांडों का शीघ्रता से निष्पादन करें। डीएसपी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखें, उनका दिल जीतें। सामान्य पुलिसिंग में उनकी मदद लें। आम जनता के छोटे-बड़े सभी प्रकार के विधि सम्मत कार्यों का निष्पादन करे। अवैध कारोबार पर पूर्णतया रोक लगाएं। कहा कि लोकसभा मतदान को लेकर कई कार्य करने हैं, जिनमें लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केंद्रों का सत्यापन करना, शैडो एरिया चिन्हित करना, हेलीपैड के लिए मैदान चिन्हित करना, मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असमाजिक तत्वों की सूची बनाकर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करना आदि कार्य शामिल हैं। डीएसपी खलारी ने खलारी पुलिस अनुमंडल क्षेत्र सभी थाना के व्यवसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से अपील किया है कि अपने प्रतिष्ठिन में आवश्यक रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाएं और यह सुनिश्चित रखें कि की सभी कैमरे चालू हालत में रहें। सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाने वालों को नोटिस किया जाएगा। समीक्षा बैठक में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, मांडर के पुलिस निरीक्षक जयप्रकाश राणा, मांडर थाना प्रभारी राहुल आदि थे।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## झामुमो ने कर्रा-तोरपा में निकाली लोकतंत्र बचाओ रैली



खूंटी (आजाद सिपाही)। झामुमो द्वारा खूंटी जिले में चल रही तीन दिवसीय लोकतंत्र बचाओ यात्रा के आखरी दिन कर्रा और तोरपा, दियांकेल, तपकरा सहित कई गावों में यात्रा निकाली गई। वक्ताओं ने कहा कि संविधान बनाने और आदिवासियों के अधिकारों के लिए खूंटी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की विशेष भूमिका रही है, लेकिन मोदी सरकार उस संविधान को खत्म करने पर ही तूली है। सभी वर्गों के मौलिक अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। पिछले 10 सालों में आमदनी में कोई बढ़ोतरी नही हुई है। रेल की संख्या कम कर दी गई है और भाड़ा बढ़ा दिया गया है। वक्ताओं ने कहा मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन जनता के साथ धोखा किया गया। अग्निवीर योजना लागू कर भारतीय सेना की लम्बी नौकरी को खतम कर चार साल की संविदा आधारित व्यवस्था लागू की गयी। कार्यकताओं ने मोदी सरकार को हटाने का संकल्प लिया। यात्रा में रोंहित सुरीन, अलोका कुजूर, अगुस्तिना टोपनो, बासिंह हस्सा, फुलजेंसिया बिलुंग, मंथन, प्रेम प्रकाश टोपनो, जगरनाथ बड़ाईक, राहुल सुरीन, शालिनी आईंद, सिराज दत्ता, टॉम कावला, थ्योफिल टोपनो, उदय सिंह मुंडा आदि थे।

## नाली-पुल निर्माण में अनियमितता का आरोप जांच की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

इटकी (आजाद सिपाही)। जिला आजसू सचिव मुर्तजा आलम ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर प्रखंड के इटकी पश्चिमी पंचायत में नाली और पुलिया निर्माण कार्य में पंचायती राज नियमों को ताक पर रखकर भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। साथ ही गड़बड़ी की जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर डीसी और जिला पंचायती राज्य अधिकारी को 12 सूत्री का एक ज्ञापन सौंपा है। इटकी के गड़ेरी टोली में योजना संख्या 08, वर्ष 2023-24 के तहत 15वें वित्त आयोग की प्राकलन राशि दो लाख 49 हजार 999 रुपये की लागत से पुल और नाली निर्माण स्वीकृत की गई। इस योजना का संचालन सरकार के मानक नियमों के विरुद्ध संचालित कर गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए वैगर आम सभा और ग्राम सभा के सूचना के बिना पुल और नाली का निर्माण कर दी गई वही निर्माण कार्य में भी भारी अनियमितता वरती गई है। वही कार्य स्थल की मापी पुष्टी 2.47 लाख का एमबी बुक बनाया गया। जिसमें लाभुक समिति के अध्यक्ष को 2.41 लाख कुल भुगतान की गई । मजदूरों के मास्टर रोल में मुखिया और लाभुक समिति के हस्ताक्षर नहीं है।

## समीर उरांव ने इटकी के जगन्नाथ मंदिर और सरना स्थल में माथा टेक शुरू किया जनसंपर्क अभियान

इटकी (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के लिए घोषित लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव ने शनिवार को जगन्नाथ मंदिर और झखरा स्थित सरना स्थल में मत्था टेककर चुनावी दौरा की शुरूआत की। जगत्राथ मंदिर में पूजा के बाद पैदल मार्च करते हुए झखरा स्थल पहुंचे और वहां परंपरागत माता सरना की पूजा कर जीत की मन्नते मांगी । इसके बाद कार्यकर्ता के साथ बिचार -विमर्श की इस दौरान कार्यकत्ताओं को सजग रह कर एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने की बात कही । सरना समाज के लोगों को मिलकर भाजपा के पक्ष में समर्थन देने वोट देने का आह्वान किया।

## अब्दुल कुदूस बने मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश सचिव



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा वनबीआर कालोनी निवासी कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी को झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस का प्रदेश सचिव बनाया गया है। प्रदेश कमेटी द्वारा इसको लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश कमेटी के द्वारा पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। अब्दुल कुदूस को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इसमें मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव इस्लाम अंसारी,झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, कांग्रेस के चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, आरसीएमयू सचिव विद्यापति सिंह, राजा खान, शोएब आलम, शहनवाज आलम, कुदूस खान, राजीव रंजन, मन्जुर आलम, सलीम जावेद, शकील अंसारी, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार साहू, मो नेजाम आदि शामिल है।

## मारंगहादा में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

खूंटी (आजाद सिपाही)। मारंगहादा थाना की पुलिस ने शनिवार को हाटिंग चौली पुल के पास 33 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। शव के गले में कपड़े के रस्सी से फांसी लगा हुआ है, जिससे यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात अपराधियों द्वारा युवक की रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या की गई है। आसमानी रंग की टी शर्ट और हल्का काले रंग का जींस पहने युवक के दाहिने हाथ में लाल रंग की मौली धागा बंधा है। शव की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे शीत गृह में रख दिया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस फिलहाल मृतक युवक की पहचान में जुटी है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## बालू लदे चार हाइव जब्त

तैमारा (आजाद सिपाही)। दशम फॉल पुलिस ने रांची-टाटा रोड पर बालू लदे चार हाइवा को जब्त किया है। दशम फॉल पुलिस के अनुसार चारों हाइवा के पास बालू का चालान था लेकिन उनमें ओवर लोड बालू लदा था। दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव ने बताया कि रांची-टाटा रोड पर गश्ती के दौरान दो हाइवा को शुक्रवार की शाम जब्त किया गया था। जबकि शनिवार सुबह दो अन्य हाइवा को पुनः जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद चारों हाइवा को आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सौंप दिया गया।

## प्रदीप वर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनने पर दी बधाई



मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। भाजपा की ओर से प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने पर मैक्लुस्कीगंज के पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को भी बधाई दी है। इसमें जिला महामंत्री प्रीतम साहू,जितेंद्रनाथ पांडेय, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, शशि प्रसाद साहू, कुलदीप प्रसाद साहू ,रविन्द्र मुंडा, रामधारी गंझू आदि शामिल है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल एक लाख से अधिक वादों का निष्पादन

# 40 करोड़ की वसूली, 31 पीड़ितों के बीच 63.30 लाख के मुआवजे का हुआ वितरण

### स्वयं सहायता समूह की महिला लाभुकों के बीच 74.94 करोड़ का वितरण

**वादियों से लोक अदालत में पहुंच कर इसका लाभ उठाने की अपील की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर रांची व्यववहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, रशिकेश कुमार, डीसी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के उपाध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार चंदन कुमार सिन्हा,



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते गणमान्य लोग।

डालसा सचिव राकेश रंजन, अध्यक्ष आरडीबीए रांची शंभु प्रसाद अग्रवाल, सचिव आरडीबीए संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी मध्यस्थ पैनल अधिवक्ता, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंचासीन सभी व्यक्तियों एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया। इस अवसर पर न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद लोक अदालत में उिपस्थित हुए और बनाये गये बेंचों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने हाथों से पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे भी उपस्थित थे। न्यायायुक्त के हाथों से भी पीड़ितों को मुआवजा राशि दिया गया। आयोजित लोक अदालत में 31 पीड़ितों के बीच 63 लाख 30 हजार रुपए की मुआवजा राशि वितरित की गयी। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिला लाभुकों के बीच 74 करोड़ 94 लाख 80 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 25 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 20 बेंच का गठन किया गया था। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल एक लाख से भी अधिक वादों का निष्पादन किया गया एवं 40 करोड़ से अधिक रूपयों की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में किया गया जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन सम्मिलित है।

# भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने बेड़ो व नरकोपी में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बेड़ो में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व राज्यसभा सांसद सह एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने बेड़ो में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने देवी मंडप, महादानी मंदिर, सरना स्थल व मुड़हर पहाड़ पर स्थित मुड़हर बाबा के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी समीर उरांव का परंपरागत ढोल नगाड़ों के साथ माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं प्रखंड मुख्यालय में जगह-जगह स्वागत के दौरान उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। यह देख समीर उरांव भी अभिभूत हो उठे। बाजार टांड़ स्थित देवी मंडप के समीप पहुंचते ही कार्यकर्ताओं भव्य स्वागत किया। जहां समीर उरांव ने



देवी मंडप में मत्था टेका व पूजा कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विकासशील योजनाओं को जमीन पर साकार करना हमारा कर्तव्य है। जनसमस्याओं के समाधान के प्रति सजग और तत्पर रहूंगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर केंद्र सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मुड़हर पहाड़ के समीप आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता राम नारायण भगत, भवानी शरण सिंह, वाणी कुमार राय, आलोक मिश्रा, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, राजेश साहू, राजीव रंजन अधिकारी, मोती प्रसाद गुप्ता, शशिभूषण गुप्ता, चंद्रदेव उरांव, भीखा उरांव, जगरनाथ भगत, जगरनाथ उरांव, धनंजय कुमार राय, आलोक खन्ना, गोपाल महतो, परना महतो, मनींद्र महतो, कमलेश लाल, रंथा उरांव, आनंद साहू, गणेश महथा, तेजू दास, प्रकाश साहू, सेवंती देवी व बसंती देवी आदि मौजूद थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा पंचायत के फाको डूमर गांव में 25 केवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से लगाया गया। इसका उद्घाटन शनिवार को प्रखण्ड कांग्रेस ने सामूहिक रूप से किया। इस अवसर पर प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से पूरे विस क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। विधायक जी की प्राथमिकता है कि विधानसभा इलाके का कोई भी गांव टोला बिजली से वंचित ना रहे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, एतवा उरांव, सरीता देवी, शिवदास गोस्वामी, सकीर अंसारी, सचिन नायक, अजय करमाली, संजय नायक, सोहन करमाली, आशिष मुण्डा, प्रेम उरांव, अंकित मुण्डा, दशरथ पाहन, जोन तिग्गा, अशोक बेदिया, साहिल लोहरा, बिहारी मुण्डा, बाली महली, शनिचरवा बेदिया, जीवधन बेदिया, खीरू उरांव, अभिराम मुण्डा, समीम खान, नईम अंसारी, मुनेश करमाली, यूनूस अंसारी, अनिल ठाकुर, गणेश रजवार, अनीता देवी, यशोदा देवी, रामचरण मुण्डा, कालीचरण मुण्डा, सन्तोष मुण्डा, बिरसा मुण्डा, करमा मुण्डा, महरु मुण्डा, रमेश मुण्डा, बबलू महतो, घूमेश्वर मुण्डा, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## ओरमांझी रामटहल चौधरी महाविद्यालय के वाणिज्यिक विभाग में कार्यशाला आयोजित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आरटीसी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय ब्रांड और ब्रांडिंग मैनेजमेंट इन दी एज सोशल मीडिया था। इस विषय के माध्यम से छात्र-छात्रओं को बताया गया कि ब्रांड और ब्रांड मैनेजमेंट क्या होता है। आज के युग में सोशल मीडिया पर इनका क्या महत्व है। विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। रिसोर्स प्रमुख गुलशन कुमार सिंहा, सिंह एजुकेशन के निदेशक ने छात्रों को बताया कि ब्रांडिंग ब्रांड मैनेजमेंट उपयोग करके इस क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यशाला में मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य डॉ भीम महतो, विभाग के विभाग अध्यक्ष रामकुमार महतो ,विभाग के वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश शाह ,शिक्षिका नाजी आदि उपस्थित थे।

## विद्यासागर स्कूल के बच्चों ने किया रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क का भ्रमण




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल के कक्षा 8 के बच्चे शुक्रवार को शैक्षिणिक भ्रमण के तहत रांची स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क पहुंचे। यहां बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में जानकारी ली और चलचित्र के माध्यम से धरती आबा के बचपन से लेकर मृत्यु तक के जीवन गाथा एवं संघर्ष को समझा। बच्चों ने उस कक्ष का भी भ्रमण किया जहां धरती आबा बिरसा मुंडा को अंग्रेजों ने कैद कर रखा था। साथ ही झारखंड के अन्य वीर शहीदों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं, विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने बताया कि उक्त शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के बच्चों के सामाजिक विज्ञान विषय के व्यावहारिक परीक्षा के लिए था। उक्त स्थान का भ्रमण कर बच्चों को वहां के बारे में लिखकर विद्यालय में जमा करना होगा। जिस पर उन्हें फाइनल परीक्षा में 20 अंक प्रैक्टिकल के रूप में प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के ज्ञान एवं रुचि में वृद्धि होती है और बच्चों का मनोरंजन भी होता है। इस मौके पर शिक्षिका निशा वर्मा, रूपाली वर्मा, स्वाति व रेखा मैम आदि मौजूद थीं।

# नागपुरी भाषा व संस्कृति को बचाये रखने में नागपुरी कलाकारों की भूमिका अहम : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के बाबा बनखंडी धाम पबिरा में महाशिवरात्रि के अवसर पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व शिक्षा मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बंधु तिर्की ने



कहा कि शिवरात्रि हिंदू धर्म की आस्था से जुड़ा है। नागपुरी कलाकार नागपुरी भाषा संस्कृति को बचाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं है। मंच कलाकार सिंगर बिंदेश्वरी देवी, नितेश कच्छप, लक्ष्मी नाथ बड़ाइक, नमिता कुमारी, पिंकी कुमारी, जितेन्द्र कुमार ने लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर उपप्रमुख विश्वनाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, युवा अध्यक्ष जन्मेजय पाठक, मुखिया सरोज मुंडा, फिरू साहू, तेम्बा उरांव, महावीर साहू पहरू लोहरा, बिरंची महतो, ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा, हिरामुनी देवी, लखन साहू ,शंकर साहू, विरतु साहू आदि उपस्थित थे।

# शिव बारात में भोलाबाबा व भूत पिशाच के भेष में शामिल हुए बाल कलाकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** महाशिवरात्रि के अवसर पर वार्ड 47 के जोरार पुरुलिया रोड स्थित जोड़ा मंदिर परिसर से मंदिर के सदस्यों ने गाजे बाजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली। शिव बारात झांकी में भगवान महादेव व मईया पार्वती के अलावे भूत प्रेत के भेष में बड़ी संख्या में बाल कलाकार व लोग शामिल हुए। हर-हर महादेव के जयघोष करते हुए झांकी निकाली। शिव बारात झांकी से क्षेत्र का माहौल शिवमय हो गया। शिव बारात झांकी जोड़ा मंदिर परिसर से शुरू हो हरहर महादेव का जयकारा लगाते हुए श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर नामकुम रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां से तेतरी टोली, दुबे कॉलोनी, पंडित सदन, जोरार बस्ती, देवी मंडप होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। झांकी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला



पुरूषों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मंदिर के सदस्य शशि सिंह ने बताया कि इस वर्ष भव्य व आकर्षक शिव बारात झांकी निकाली गई है। इसमें क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। मंदिर परिसर में संध्या सात बजे से किर्तन मंडली के कुशल कलाकारों द्वारा भगवान शिव पार्वती विवाहोत्व कार्यक्रम रखा गया। इसके बाद देर शाम भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। झांकी में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, हिंदू नेता भैरव सिंह, मंदिर अध्यक्ष राजकुमार सिंह, सचिव जानकी केसरी, शशि सिंह, पिंटू सिंह, रिंटू सिंह, रमेश पांडेय, विनय सिंह, सुबोध पंडित, महेश अग्रवाल, नीरज दुबे, श्रीराम सिंह, अभय सिंह, अरविंद सिंह, अरुण, ब्रह्मचारी, शिव, सुरेश, सुबोध, प्रमोद आदि शामिल थे।

## चचकोपी में नंदी की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चचकोपी में तुको से नरकोपी जानेवाली मार्ग पर महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर मंडा टांड़ स्थित शिव मंदिर परिसर में नंदी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की गई। इसके पूर्व मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकल गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर निकल गई शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर प्रमाण करते हुए वापस शिव मंदिर पहुंची जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हवन यज्ञ कर नंदी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शोभायात्रा में मुख्य आयोजक जिप सदस्य वेरोनिका उरांव, जुब्बी उरांव आदि थे।

## अपराध पर अंकुश लगाना प्राथमिकता : थानेदार

**पिठौरिया (आजाद सिपाही)।** द ग्रुप फॉर जस्टिस के बैनर तले पिठौरिया स्थित द रॉयल बाइट्स रेस्टुरेंट में शनिवार को पिठोरिया थाना के नए थानाप्रभारी गौतम कुमार राय के योगदान देने के बाद नागरिक परिचय व इलाके के प्रबुद्ध जनों से सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व थाना प्रभारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए पूर्व जिप सदस्य सह कोकदोरो अंजुमन के सदर मजीद अंसारी ने उनकी तारीफ की। कहा कि उनके रहते अपराध पर अंकुश लगा था। हमलोग नए थानेदार से भी उम्मीद करते है कि, इनका कार्यकाल भी बेहतरीन रहे। पूर्व जिप सदस्य सह आजसू नेता हकीम अंसारी ने कहा कि पूर्व थानेदार अभय कुमार पुलिस और पब्लिक के रिलेशन को मजबूत किए थे। इसी तरह नए थानेदार से भी उम्मीद है कि वह भी क्षेत्र को अपराध में अंकुश लगायेंगें। नशा के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर इस पर अंकुश लगायेंगें। वहीं समाजसेवी अनिल केसरी ने भी नए थानेदार का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त और शांति सद्भावना बनाए रखने में हम सभी सहयोग करेंगे। इस पर पूर्व थानेदार अभय कुमार ने भी क्षेत्र के लोगों का आभार प्रकट किया। कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र के लोगों से भरपूर सहयोग मिला है। वहीं, नए थानेदार गौतम कुमार राय ने कहा कि पिठोरिया पुलिस हमेशा क्षेत्र के लोगों के सेवा के लिए तात्पर्य है। लोगों से आग्रह है कि किसी भी तरह का मामला हो तो वे लोग मुझसे सीधा संपर्क कर सकते हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने की पूरी कोशिश करूंगा। मौके पर सुल्तान आदिल, अफरोज अंसारी, तबारक अंसारी, रणधीर सिंह, शिव प्रसाद गोप, जियाउद्दीन अंसारी, उज्ज्वल पहान, पेपला उरांव, मोहम्मद शमीम, मजीबुल अंसारी, मेराज अंसारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव शनिवार को चान्हो और मांडर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। चान्हो, मांडर मंडल में जनसंपर्क अभियान में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसमें पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भी शामिल हुई। सिलगाई स्थित शाहिद वीर बुधू भगत की मूर्ति में माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सिलागाई बाजार में लोगों से मिले। वहीं, चान्हो भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया। मांडर शिव दुर्गा मंदिर और मुड़मा में शक्ति खूंटा में माथा टेक कर उन्होंने आशीर्वाद लिया। मौके पर शिवनाथ तिग्गा, प्रदीप महली, सतीश साहू, विजय कुमार महतो, सफीक आलम, सोनी तबासूम,विशेश्वर महतो, राजीव गुप्ता, दीपक साहू, सुनील उरांव, रामबालक ठाकुर आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## कलश यात्रा में शामिल हुए सांसद संजय सेठ



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रेम नगर स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर, प्रेम नगर मंदिर निर्माण समिति का तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ रांची सांसद संजय सेठ के अलावा सीमा शर्मा, नगड़ी जिप सदस्य सह आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक पूनम देवी, मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष बजरंग महतो आदि ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा के बाद मंदिर समिति की ओर से सैकड़ों कलश यात्रियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। रविवार को तीनों देवो की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण और प्रवचन होगा। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष बजरंग महतो, विध्याचल महतो, उपेंद्र मेहता धीरज मेहता , मनीष केसरी, शंभू महतो, गोपाल ठाकुर, पवन महतो, राजमोहन महतो, रमेश महतो, सरवन महतो, वीरेंद्र महतो, मारुति मंगल परिवार विक्रम महतो, प्रमोद महतो, रोहित महतो, राहुल महतो, विक्रम सिंह, अशोक ठाकुर, कृष्णा महतो, आनंद साहू, अंकित साहू, सोनू तिवारी, हीरालाल तिवारी, दुर्गा महतो, श्रवण महतो, शशिकांत महतो, हेमंत मिश्रा, बसंत मिश्रा, विक्रांत सिंह, कृष्ण अधिकारी, सुदामा ठाकुर, सिकंदर साहू, विष्णु दूबे, अजय विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

## समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग व कर्रा सीमाना लातरातू डेम परिसर में सहायक शिक्षक संघ की ओर से समारोह आयोजित कर विदाई देने के साथ ही वनभोज का आयोजन किया गया। इस समारोह में अवकाश प्राप्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केशरी सह पत्नी बिमला देवी के अलावे सेवानिवृत सहायक शिक्षको को पुष्प गुच्छा व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत सुनील केशरी ने कहा कि अपने जीवन काल में सकारात्मक और स्वस्थय रहिये। तनाव मुक्त जीवन के साथ सकारात्मक सोच रखने की बात कही। वहीं, प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सुनिल केशरी का जीवन से जीने का कार्य सैली सीखे, अपने जीवन को स्वच्छ व सुखी रहने के लिए एक घंटा स्वस्थ पर ध्यान देने की बात कही। वहीं, सम्मानित होने वालों में पार्वती देवी, रेणु देवी रोशलिया होरो, बिरसा उरांव, फ्रांसिसका बड़ा, बलिराम जी, पोलूस मिंज, आह्लाद उरांव व शिवचरण लोहारा शामिल थे। मौके पर मुख्य वक्ता मोक्तार, शशिकांत,सलीम सहाय तिग्गा, उदय, राणा जितेंद्र, जुबैर जी, अरुण कुमार नायक , सहायक शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, संजय महतो के संबोधन के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। जनप्रतिनिधि सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य आदि मौजूद थे।

## वानिकी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निकाला कैंडल मार्च




**कांके (आजाद सिपाही)।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी कॉलेज के छात्र- छात्राओं की ओर से झारखंड वन सेवा नियमावली 2 मार्च 2024 वन विभाग द्वारा पारित होने के उपरांत वानिकी स्नातकों को शैक्षणिक अहर्ता एवं नियुक्ति में प्राथमिकता नहीं मिलने के विरोध में शनिवार को शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च वानिकी कॉलेज से निकलकर बीएयू मुख्यालय गया। यहां पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद छात्र-छात्राओं का कैंडल मार्च कांके चौक तक गया। वहां से वापस कॉलेज परिसर पहुंच कर समाप्त हुआ। छात्रों का कहना था कि एशिया का पहला फॉरेस्ट्री कॉलेज होने के बावजूद विगत 34 वर्षों से वन विभाग में नियुक्ति नियमावली की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा कोई भी सार्थक पहल नहीं किया गया है। वानिकी स्नातकों को वन विभाग और वन निगम में नियुक्ति मिलनी चाहिए। इसके लिए नियुक्ति नियमावली बनाने की मांग छात्रों ने सरकार से की है। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भी पहल करने की आवश्यकता है।

# असहमति का अधिकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को श्रीनगर में थे। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने के बाद से यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर फैसले की अहमियत बतायी और इसके बाद के पांच वर्षों में हासिल उपलब्धियों का जिक्र किया। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला ने इसके बाद प्रधानमंत्री के दावों से असहमति जतायी। संयोग से उसी दिन यानी गुरुवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि नागरिकों को अनुच्छेद 370 समाप्त किये जाने के फैसले की आलोचना करने का पूरा अधिकार है। गुरुवार को हुई ये घटनाएं भले अलग-अलग हुई हों और सीधे तौर पर एक-दूसरे से जुड़ी न दिख रही हों, लेकिन इनसे निकलने वाला संदेश अहम है। यह भारतीय लोकतंत्र में निहित व्यापकता की, विविधताओं के बीच गुंथी एकता के लिए बनी गुंजाइश की ओर संकेत करता है। संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने की मांग बहुत पुरानी थी। भाजपा शुरू से ही इस अनुच्छेद का विरोध करती रही है। हालांकि सर्वसम्मति नहीं बन पाने की वजह से भाजपा सत्ता में होने के बावजूद वाजपेयी सरकार के दौरान यह फैसला नहीं करवा पायी थी। ऐसे में स्वाभाविक है कि मौजूदा मोदी सरकार इसे अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखती है और अक्सर इस मसले पर आक्रामक रुख अपनाये नजर आती है। दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी प्रमुख पार्टियां इस फैसले का विरोध करती रही हैं। इस फैसले की संवैधानिक वैधता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। हालांकि कोर्ट ने फैसले को संवैधानिक तौर पर वैध करार दिया है, लेकिन फिर भी इन पार्टियों के नेता अपने रुख पर कायम हैं। इस बार भी इन दलों ने प्रधानमंत्री के दावों को गलत बताते हुए उनसे असहमति जतायी। पेच यह है कि एक-दूसरे पर हमला करते हुए राजनीति की इन दोनों धाराओं के कुछ लोग एक-दूसरे की निष्ठा और देशभक्ति पर भी सवाल उठाने लगते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, वह इस संदर्भ में खासा अहम हो जाता है। अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को काला दिवस बताने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसा करना कोई अपराध नहीं है। देश के हर नागरिक को इस फैसले से असहमति जताने, इस पर असंतोष प्रकट करने या इसका विरोध करने का पूरा अधिकार है। साफ है कि इस फैसले ने राजनीति की अलग-अलग धाराओं के लिए जगह सुनिश्चित करते हुए उनकी सीमाएं भी स्पष्ट कर दी हैं। इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट ने देश में संवैधानिक मूल्यों को मजबूती दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, वह इस संदर्भ में खासा अहम हो जाता है। अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को काला दिवस बताने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसा करना कोई अपराध नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राजनीति के विश्लेषकों की माने तो अपने लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा को इन राज्यों में दमदार उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इतना जरूर है कि भाजपा उत्तर - पश्चिम के राज्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब है एवं उसके सीटों में इजाफे की उम्मीद जतायी जा रही है। साथ हीं पार्टी के नेता कार्यकर्ता कर्नाटक, तेलंगाना सहित दक्षिण के तीन राज्यों में भी सीट जीतने लायक जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुटे हुए हैं।**

# भाजपा अन्य दलों पर मनोवैज्ञानिक रूप से बढ़त हासिल करने में सफल



द्वारिका मिश्र 'सुमन'

अगले एक डेढ़ माह के अंदर हीं होने जा रहे लोकसभा चुनाव में 370 का लक्ष्य लेकर एवं चुनावी घोषणा के एक पक्ष पहले हीं देश के 195 संसदीय क्षेत्रों में अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर भाजपा अन्य दलों पर मनोवैज्ञानिक रूप से बढ़त हासिल करने में सफल नजर आ रही है, लेकिन आम जन अभी भी संशय की स्थिति में है कि क्या पार्टी 370 सीटें जीतने का मंसूबा पूरा कर पायेगी? विशेष कर तब जब पार्टी 2019 के आम चुनाव में दक्षिण भारत के केरल, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में एक भी सीट नहीं जीत पायी थी।

राजनीति के विश्लेषकों की माने तो अपने लक्ष्य को साधने के लिए भाजपा को इन राज्यों में दमदार उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इतना जरुर है कि भाजपा उत्तर - पश्चिम के राज्यों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब है एवं उसके सीटों में इजाफे की उम्मीद जतायी जा रही है। साथ हीं पार्टी के नेता कार्यकर्ता कर्नाटक, तेलंगाना सहित दक्षिण के तीन राज्यों में भी सीट जीतने लायक जनाधार बढ़ाने की कवायद में जुटे हुए हैं। मोदी मैजिक का असर इन राज्यों के अंदरूनी हिस्सों तक महसूस भी किया जाने लगा है। यही कारण है कि मोदीजी के नाम - काम, आरएसएस के ग्राउंड वर्क और एनडीए के साथियों के सहारे पार्टी को भरोसा है कि 370 का लक्ष्य भेदने में इस बार दक्षिण के इन राज्यों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**हालांकि 39 लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में पिछली बार भाजपा को महज 4 प्रतिशत के करीब मत प्राप्त हुआ था।**



**2019 के लोकसभा चुनाव में दक्षिण में भाजपा के प्रवेशमार्ग के रुप में स्थापित कर्नाटक के कुल 28 लोकसभा सीटों में 25 सीटों पर विजय पताका लहरा पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था, तब भाजपा को कुल पड़े मतों का 51 फिसदी वोट हासिल हुआ था, लेकिन पिछले हीं साल हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा, जो पार्टी के लिए चिंतनीय आत्ममंथन का विषय है।**

एनडीए कुनबे से अन्नाद्रमुक के अलग होने के बाद भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए जीके वासन की तमिल मनिला कांग्रेस को साथ लिया है और वासन यहां एनडीए को सुदृढ़ करने में लगे हैं। संकेत ये भी है कि पीएमके और डीएमडीके के शीर्ष नेताओं से भी भाजपा की नजदिकियां बढ़ी है। गौरतलब है कि इन पार्टियों ने राष्ट्रीय विजन के साथ सोच रखने वाले राजनीतिक दलों को साथ देने का आह्वान भी किया है। आइजेके और टीएमसी तो पहले ही एनडीए का हिस्सा बन चुकी है तथा भाजपा के साथ एसी शनमुगम और न्यू जस्टिस पार्टी पहले से जुड़ी हुई है। ऐसे में स्पष्टतः तमिल में छोटे दलों से गंठजोड़ कर भाजपा के जनाधार के दायरे में विस्तार होता दिख रहा है। हालांकि 39 लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में पिछली बार भाजपा को महज 4 प्रतिशत के करीब मत प्राप्त हुआ था। लिहाजतन सीटों की दृष्टि से ऊंचाई तक जाने के लिए कमरतोड़ मेहनत की जरुरत है। कमोबेश यही स्थिति 25 सीटों वाली आंध्रप्रदेश में भी है, जहां पिछली बार एक प्रतिशत से भी कम वोट हासिल कर खाली हाथ रही भाजपा की नजर इस बार चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी सहित राज्य में सत्तारूढ़ वाइएसआर कांग्रेस पर है।यहां की क्षेत्रीय दल जनसेना तो पहले हीं एनडीए के साथ रहने का ऐलान कर चुकी है।

17 सीटों वाले तेलंगाना में 2019 में चार सीटें तो भाजपा जरूर जीत गयी थी, लेकिन पिछले साल के अंत में यहां हुए विधानसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाने से आहत भाजपाई सूबे में अपनी ग्राफ बढ़ाने के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। उधर केरल में कांग्रेस और वामदलों का गढ़ भाजपा के लिए कमजोर कड़ी है। यह पहला मौका है कि पार्टी ईसाई मतों के ध्रुवीकरण की दिशा में गंभीर प्रयासरत है। कैथोलिक चर्च के पादरी भाजपा से जुड़े हैं। जिससे पार्टी को सीटों की उम्मीद भी बढ़ी है। इस बीच पार्टी ने यहां से एक मुस्लिम को टिकट देकर बड़ा संदेश दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में दक्षिण में भाजपा के प्रवेशमार्ग के रुप में स्थापित कर्नाटक के कुल 28 लोकसभा सीटों में 25 सीटों पर विजय पताका लहरा पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था, तब भाजपा को कुल पड़े मतों का 51 फिसदी वोट हासिल हुआ था, लेकिन पिछले हीं साल हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा, जो पार्टी के लिए चिंतनीय आत्ममंथन का विषय है। इतना जरूर है कि कर्नाटक में इस बार जनता दल (एस) से गठबंधन कर भाजपा को उम्दे परिणाम की उम्मीद है।

सीटों के लिहाज से दक्षिणी राज्यों में कुल 129 सीटें हैं, जिनमें से मात्र 29 सीटों पर पिछले चुनाव में भाजपा की जीत हुई थी, जो अबकी बार पार्टी द्वारा तय लक्ष्य को भेदने के हिसाब से निश्चित तौर पर कम है। जबकि हिंदी पट्टी के चार बड़े राज्यों क्रमशः राजस्थान, मप्र, गुजरात, उप्र, बिहार तथा महाराष्ट्र के कुल 248 संसदीय सीटों में से 220 सीटें भाजपा की झोली मे आयी थी। जहां इस बार और ईजाफे की ही संभावना जतायी जा रही है। कारण, हारी गयी सीट पर शीर्ष नेतृत्व का विशेष फोकस इसका प्रमाण है। अब आगे परिणाम चाहे जो हो और ऊंट चाहे जिस भी करवट बैठे, 370 के लक्ष्य को पार करने के लिए भाजपा को दक्षिण राज्यों के 129 सीटों में कमोबेश साठ सीटों का आंकड़ा तो पार करना हीं होगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चाइबासा में डेयरी मेला और कृषि प्रदर्शनी का किया उद्घाटन





आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को झारखंड के पश्चिमी सिंघभूम जिले के चाइबासा में तीन दिवसीय डेरी मेला और कृषि प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। डेयरी मेला एक ऐसा मंच है जहां डेयरी विज्ञान की नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। देश के किसानों और पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की जरूरत है। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती पर यह आयोजन यहाँ पर कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज देश आगे बढ़ रहा है, लेकिन हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा है। लेकिन, अब हम इस क्षेत्र में कृषि कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा के द्वारा झारखंड में इस तरह का पहला आयोजन कोल्हान की धरती पर किया जा रहा है। इस दौरान संस्थान की ओर से जानकारी मिली कि यहां दूध के उत्पादन को हम बढ़ा सकते हैं और मैं कोशिश करूंगा कि इसका एक सेंटर इस क्षेत्र में जरूर खुले, जिससे लोगों को दूध उत्पादन में मदद मिले। श्री मुंडा ने कहा कि मैं उन किसानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जो देश की अर्थव्यवस्था में बहुत योगदान देते हैं। श्री अर्जुन मुंडा ने कृषक समुदाय से सरकार द्वारा शुरू की गयी कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम फसल बीमा और पीएम किसान समृद्धि का लाभ उठाने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने लगाये गये स्टालों का दौरा किया और किसान उत्पादक संगठन और स्थानीय किसानों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों की कड़ी मेहनत और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे फसल छिड़काव और फसल निगरानी के लिए कृषि ड्रोन की शुरूआत, के कारण देश खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने बताया कि यह मेला 'अमृत काल' उत्सव के हिस्से के रूप में प्रधान मंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए पशुधन उत्पादन प्रबंधन और डेरी प्रसंस्करण के क्षेत्र में नवोन्मेषी कृषि प्रौद्योगिकी विस्तार द्वारा नये आयाम स्थापित करेगा। इस मेले में लगभग 6 हजार से ज्यादा पशु पालक, किसान, इनपुट डीलर्स, उद्यमी, विद्यार्थी, सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भाग ले रहे हैं जिसमें देश के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों, जिला स्तरीय विभागों-जिला उद्यान विभाग,पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, नाबार्ड बैंक, जिला रेशम पालन विभाग, जिला सिंचाई विभाग, महिला-बाल विकास विभाग आदि द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का हितधारकों हेतु प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें 50 से अधिक कृषि प्रौद्योगिकी, गाय, बकरी एवं अन्य पशुओं की प्रदर्शनी स्टाल लगाई गई हैं। जनजातीय क्षेत्र में पशुधन एवं कृषि के चहुमुखी विकास के लिए उन्नत नस्ल के पशुओं की सौन्दर्य प्रतियोगिता के साथ-साथ पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया है। मेले के दौरान किसानों को कृषि एवं पशुपालन प्रौद्योगिकी के नवीनतम पहलुओं से अवगत कराने हेतु कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें खेती एवं पशुपालन से सम्बंधित प्रश्नों के त्वरित समाधान प्रस्तुत किये जायेंगे। इस मेले में पश्चिम सिंघभूम जनपद के विभिन्न ब्लाक एवं ग्रामों से पधारे हुए सभी किसान भाई बहिनों द्वारा अभिप्रेरित अनुसंधान को बढावा देने के साथ-साथ सब्जी उत्पादन, फसल उत्पादन,डेरी उत्पादन प्रबंधन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे किसानो के मनोबल को बढाने हेतु पुरस्कृत किया जायेगा। अनुसूचित जन जाति उपयोजना के तहत कृषकों को कृषि ज्ञान के प्रोत्साहन के लिए सामग्री प्रौद्योगिकी भी उपलब्ध करायी जायेगी। पश्चिमी सिंहभूम जिले की सांसद श्रीमती गीता कोड़ा, कृषि वैज्ञानिक, एफपीओ और किसान भी उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित थे। आईसीएआर-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा मार्च 9-11, 2024 तक इस डेरी मेले और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। जनजातीय क्षेत्र में पशुधन और कृषि के चहुमुखी विकास के लिए इस मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## महंगाई ऐसे ही बढ़ती रही तो लोग कैसे जिंदा रहेंगे: दुबे

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटि ने देश और राज्य में महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद करना शुरू कर दी है।शनिवार को कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह के अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। बिष्टुपुर सिग्नल के पास बाजार मोड़ में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे मौजूद रहे। उन्होंने कहा मोदी सरकार इसी प्रकार अगर महंगाई व बेरोजगारी बढाते रही तो लोग कैसे जिंदा रहेंगे। उन्होंने कहा इसे लेकर कांग्रेस पार्टी शहर के चौक चौराहे व हाट बाजार में नुक्कड सभा का आयोजन कर लोगो को अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा मोदी जी की सरकार जब से आई है तब से महंगाई का बोझ आम जनता पर डाल रही है। दैनिक उपभोग की आनाज, तेल, मशाल, दुध, आलू, प्याज तक गांव के आम नागरिक के रसोई पर भारी पड रही है। केन्द्र सरकार के कारण क्रय शक्ति कमजोर हो गई है। सेना के बहाली को चार साल का करके नौजवानों के भविष्य को अंधकार व बर्बाद कर दिया। आज व्यापारी वर्ग जो लघु व माध्यम वर्ग में है, उनका व्यवसाय त्राहि माम हो रहा है। गैस 450 से बढा कर 942 रू कर दिया गया। खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगा दिया।

# संजीव सरदार ने चार सरकारी योजनाओं का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र का इन दिनों विकास कार्य तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। झामुमो से विधायक बनने के बाद संजीव सरदार ने ग्रामीणों को किये गये वादा पर लगातार पहल कर रहे है। उन्होंने प्रतिदिन जनता दरवार में लोगो की समस्याओं को आसानी से हल निकालने का प्रयास करते है। वैसे विधायक ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की कार्यकाल में पोटका विधानसभा के ग्रामीणों को कई सकरारी योजनाओ का लाभ पहुचाने का काम किया। विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों की मांग पर पोटका विधानसभा क्षेत्र का विकास के लिए चार अलग अलग जगह पर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमे पोटका के कुदादा सड़क मरम्मती कार्य, तिरिलडीह और ग्राम टांगराईन में भवन निर्माण और कुटसुरी गांव में तालाब का जीर्णोद्धार शामिल है। विधायक ने नारियल फोड़कर चारों योजनाओ का विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर खुसी जाहिर करते झामुमो विधायक और सरकार के प्रति आभार जताया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जसवंत महतो उपस्थित रहे। विधायक ने कहा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्र में जर्जर सड़को को चिन्हित कर मरम्मती के लिए स्वीकृति प्रदान की थी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सरकार उनके द्वारा चिन्हित किये गए कार्य को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा पोटका के मुख्य सड़क से गांव को जोड़ने वाली फिलहाल 8 फेज में राइडिंग क्वालिटी में सुधार और मजबूती से काम की जारही है। उन्होंने कहा जनता के द्वारा चुनी गयी सरकार के नेतृत में आने वाले दिनों में पोटका विधानसभा के सभी जर्जर सड़को का मरम्मती जल्द होगा। ताकी पोटका विधानसभा में रहने वाले ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा मिल सके। इस अवसर पूर्व जिला परिषद चंद्रावती महतो,सुनील महतो, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, आंदोलनकारी बबलू चौधरी, हितेश भगत, भुवनेश्वर सरदार, रजनी सड़ंगी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आदित्यपुर नगर निगम के ठेकेदार की मनमानी अधूरे कार्य से लोगों में आक्रोश, कार्यालय का घेराव




आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 5 में ठेकेदार के द्वारा विकास कार्यों को अधूरा छोड़ने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को लोगों ने पूर्व पार्षद सिद्धिनाथ सिंह यादव के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। स्थानीय लोगो ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए प्रशासक आलोक कुमार को एक मांग पत्र सौपा।मौके पर पूर्व पार्षद सिद्धिनाथ ने बताया वार्ड 5 में राज कंस्ट्रक्शन और सतराज कंस्ट्रक्शन के द्वारा अनियमितता पूर्ण कार्य किया गया। राज कंस्ट्रक्शन का सितंबर 2021 से नाली निर्माण कार्य आज भी अधूरा है। वही सतराज कंस्ट्रक्शन का 53 लाख की लागत से पीसीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य 2 साल से अधूरा अधूरा है। वही लाल बिल्डिंग चौक से आदर्शनगर जाने वाली सड़क वर्षों से अतिक्रमित है। कई बार वार्ड के गणमान्य लोगों ने जिले के डीसी से लिखित शिकायत की, लेकिन आज तक नगर निगम का कोई जेई और एई स्थल निरीक्षण तक नहीं किया। फिलहाल वार्ड के स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मौके पर डीएन सिंह, संजय कुमार सिंह, देवप्रकाश देवता, मुकेश प्रसाद, डीपी सिंह, बिस्नुदेव प्रसाद, बाबु मिश्रा, राजेश यादव, अमरेश ईश्वर और अनय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जख्मी हालत में मिला व्यक्ति, मौत

**भंडरिया/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्रो कुरुण मुख्य सडक के बडका पुल के समीप शुक्रवार की रात करीब दस बजे पर्रो गांव निवासी रघुराज सिंह उम्र45वर्ष की जख्मी हालत में पडे होने की सुचना उसके परिजनों को हुई।आनन फानन में परिजन घटना स्थल पर पहुचे तथा जख्मी रघुराज सिंह को तत्काल उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंडरिया लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया डाल्टनगंज ले जाने के क्रम में रास्ते में ही रघुराज सिंह अपना दम तोड़ दिया शनिवार की सुबह स्वजनों के द्वारा इसकी सुचना भंडरिया थाना को दी गयी। भंडरिया थाना के एसआइ दिलीप कुमार रंजन व हराधन वेदिया अपने दलबल के साथ मृतक के घर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव को अपने कब्जे में करते हुए अंतपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज गया।

### रंका और रमकंडा प्रखंड को मिली तीन अरब 70 करोड़ 19 लाख रुपये की सौगात

# जिम्मेदार प्रतिनिधि हो, तो सरकारी मशीनरी भी सक्रिय हो जाती है : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/ मेराल।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा प्रखंड को तीन अरब 70 करोड़ 19 लाख रुपए का सौगात मिला है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को रंका के टिमन बाजार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की 110 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मंत्री श्री ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री



श्री ठाकुर का फूल माला पहनाकर एवं पारंपरिक बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानी फेतल सिंह खरवार के वंशजों, क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता अपना अधिकार पाने के लिए काफी उम्मीद के साथ जनप्रतिनिधि चुनती है। मैं जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। आज उसी का परिणाम है कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में प्रखंडवार मेगा शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम हो रहा है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य की जनता को उनका हक दिलाने का काम किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि यदि मुखिया जिम्मेदार एवं संवेदनशील हो वह पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करे तो पूरी मशीनरी सक्रिय हो जाती है। कर्मचारी, अधिकारी, जनता सभी अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से निभाते हैं। यदि काम को आधार मान कर वोट हो तो एक-एक उम्मीदवार की जमानत जप्त हो जाएगी। मैं इसी लक्ष्य के साथ काम करता हूं कि मुझे वोट मांगने के नाम पर आना नहीं पड़े। यदि मैं कह दूं कि चुनाव नहीं लड़ूंगा तो यहां की जनता खुद आकर मुझे चुनाव लड़ने को कहे।

साथ ही बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सभी विभागां के पदाधिकारियों आदि ने विचार व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी दिया। मौके पर मुख्य रूप से पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, बीडीओ देवानंद राम, सीओ शिवपुजन तिवारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, जिपस संपूर्णा देवी, प्रमिला देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**भंडरिया/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भंडरिया प्रखंड के पिपरा साधु कुटी,मरदा शिवबहेरा, बंगाली डेरा जोगीयामढ सहित आदि शिवालयों में रंगा रंग सांस्कृतिक आयोजन किया गया। मुख्यालय के अति प्राचीन जोगिया मठ मंदिर परिसर में बाहरी कलाकारों के द्वारा चैता दुगोला का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित की गयी। जिसमें आसपास के इलाके के काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर चैता दुगोला कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी जनार्दन सिंह के द्वारा पिता काटकर किया गया। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक कुंवर सिंह शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह भागीरथी विश्वकर्मा राम सकल नागवंशी सूर्यदेव सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष जयकुमार सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रकांत प्रजापति, सचिव देवेंद्र विश्वकमा, कोषाध्यक्ष उदय मुंडा, समाजसेवी उपेंद्र विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, मुंडा पिंटू कोरबा सहित आदि लोगों ने आम भूमिका निभायी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के साथ वार्षिक आम सभा का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मेराल पश्चिमी पंचायत सचिवालय मे शनिवार को आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह सह वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया तथा सीएलएफ का कार्य प्रगति का जानकारी साझा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहां की समाज तथा परिवार को खुश रखने के लिए हम महिलाएं नमक रोटी भी खाकर गुजारा कर लेती हैं। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रोजगार सेवक निभा तिवारी, पंचायत सचिव परमानंद पाठक, मुखिया पति मुन्ना राम, पंकज कुमार, सीसी गुरुदेव विश्वकर्मा, सीएलएफ कोऑर्डिनेटर नथुनी राम, जगजीवन राम, मजमुद्दीन अंसारी, गीता देवी, किरण देवी, प्रियंका देवी, समीना खातून, उषा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## घर में आग लगने से तीन लाख का नुकसान

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के बंका रोड में एक कच्चा मकान में आग लगने से नगदी, जेवर, कपड़े, अनाज सहित करीब तीन लाख रुपये का सामान नष्ट हो गया। आग लगने के बाद हो हल्ला से पहुंचे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। बाद में दमकल की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। जानकारी के अनुसार मेराल पश्चिमी पंचायत के बांका रोड निवासी संजय प्रसाद पिता सरजू साह के घर में शनिवार शाम करीब चार बजे अचानक आग लग गई जिससे सारा संपति जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि दिन में घर के सभी लोग खेत में काम करने गए थे, इसी दौरान किसी कारण से घर में आग लग गयी। परिवार वालों के अनुसार अगलगी की घटना में करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## आमरण अनशन पर बैठे पीड़ित से एआइएमआइएम नेता मिले



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अपनी साली की हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गढ़वा शहर के सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर चौक के पास आमरण अनशन पर बैठे गुलाम जिलानी अंसारी से एआइएमआइएम के डॉ एमएन खान ने मुलाकात किया। वहीं उनकी मांगों का समर्थन किया। इस अवसर पर डॉक्टर में खान ने कहा कि गुलाम जिलानी अंसारी की साली दुलदुलवा गांव निवासी नूरसबा बीबी की हत्या 14 जून 2023 को कर दी गई थी। लेकिन पुलिस प्रशासन के द्वारा अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जो पुलिस विभाग की लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि गुलाम जिलानी अंसारी अपनी मांगों को लेकर पिछले 6 मार्च से अनशन पर बैठे हुए हैं। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन के द्वारा कोई सुधि नहीं ली गयी है। आमरण अनशन पर बैठने के कारण गुलाम जिलानी अंसारी के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि पुलिस प्रशासन अति शीघ्र इस मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करती है तो ए आई एम आई एम पार्टी भी गुलाम जिलानी अंसारी के साथ धरना पर बैठेगी। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, मंसूर अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख फजिल अहमद आदि उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण गोशाला समिति के मामले को लेकर धार्मिक संगठन निकलेगा विरोध मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति के आह्वान पर शनिवार को विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की बैठक स्थानीय गोशाला परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पिछले दिन गोशाला समिति के सचिव के साथ दुर्व्यहार करते हुये दो बार हिरासत में लिये जाने की कड़ी निंदा की गयी। साथ ही इस बात के लिये प्रशासन की आलोचना की गयी कि प्रशासन द्वारा गोशाला के जब्त किये गये गेट को अभीतक वापस नहीं किया गया और न ही उनके द्वारा श्रीकृष्ण पालिका परिवहन पड़ाव का नाम सुधारने के मुद्दे पर कोई पहल की गयी। इसपर सर्वसम्मति से इसको लेकर लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय




लिया गया। बैठक में सोमवार को दोपहर में गोशाला समिति से परिसर से एक जुलूस निकालने तथा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम से मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। जुलूस पूर्वाह्न 11 बजे स्थानीय गोशाला समिति परिसर से निकलकर मुख्य पथ होते हुये समाहरणालय तक जायेगा। बैठक में वक्ताओं ने नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया कि उसके द्वारा पूर्व अधिकारी के कार्यकाल में किये गये समझौता का पालन नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन की गिद्ध दृष्टि गोशाला की भूमि पर लगी हुई है। इसको देखते हुये विरोध के साथ गोशाला की सारी भूमि का आपसी चंदा कर घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष विनोद पाठक, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, समाजसेवी विजय केसरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर पाल, अवधेश कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए डीसी को सौंपा पत्र

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर अंचल पदाधिकारियों की मिलीभगत से नदियों में से हो रहे बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाते हुए इस धंधे में संलिप्त लोगो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पत्र में जिपस रंजनी शर्मा ने जिक्र किया है, कि प्रभारी सीओ नंदजी राम की मिलीभगत से भवनाथपुर के विभिन्न नदियों से अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर ढुलाई किया जा रहा है। अवैध उत्खनित बालू का रेट भी अधिक होने के कारण जरूरतमन्द लोगो को बालू नही मिल पा रहा है, जो आये दिन विभिन्न अखबारो में इस गोरख धंधे की समाचार प्रकाशित होते रही है। जिपस ने उपायुक्त से आवेदन के माध्यम से इस बालू की अवैध कारोबार पर रोक लगाते हुए इस धंधे में संलिप्त लोगो के विरुद्ध नियमाकुल कार्रवाई की मांग किया है।

## पंचमुखी शिव मंदिर के पास से निकली शिव बारात



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गत दिन महाशिवरात्रि महापर्व के शुभ अवसर पर पंचमुखी शिव मंदिर जय भवानी संघ के पास से शिवजी की बारात निकली शंकर भगवान के रूप में एवं ब्रह्मा जी विष्णु जी साधु संत हनुमान जी भूत, पिक्रर्स, डाकिनी, सकती, आदि के रूप में बच्चे लोग बाराती के रूप में सारे मोहल्ले के लोग गढ़वा शहर के लोगों ने शामिल हुआ। गढ़वा रंका मोड होते हुए में रोड होते हुए सोनपुरवा , शिव घोड़ा मंदिर पहुंचकर बारात जाकर लगा वहां बारातियों का स्वागत हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पांचप्रथा मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी, सचिन, राजन सोनी, बारात निकलने में अहम भूमिका निभाने वाले मुकेश सोनी, अमन कश्यप, चंदन मालाकार, धर्मेंद्र कश्यप, पीयूष जायसवाल,ऋतुराज, भोलू सोनी, अमन कश्यप, तरुण श्याम सोनी, पियूष सोनी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चेकिंग अभियान के दौरान 231 का कटा चलान

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के ट्रैफिक पुलिस की ओर से शनिवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि बिना हेलमेट, चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म लगाकर घुमने वालों, ऑटो- इ रिक्सा, ठेला-खोमचा के जरिये अवैध रूप पार्किंग किये जाने के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के उल्लघंन करनेवाले व्यक्तियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की गयी। 231 लोगों से एक लाख 98 हजार 950 रुपये का चलान काटा गया।

# आंगनबाड़ी का बीडीओ ने किया निरीक्षण, सेंटर में अनियमितता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने सुखनदी पंचायत सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। सबसे पहले पंचायत सचिवालय में निरंक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रज्ञा केंद्र में कार्यालय में सर्टिफिकेट, सूचना बोर्ड नहीं पाया गया और इधर-उधर कूड़ा का अंबार लगा हुआ था। संचालक, पंचायत सचिव, मुखिया को बहुत जल्द साफ सफाई करने को लेकर कड़ी फटकार लगायी गयी। उसी के दौरान कुछ समय पर आंगनबाड़ी नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के



दौरान भवन का कार्य में भारी गड़बड़ी देखा गया। बिना कॉलम और बीम का भवन का ढालाई किया पाया गया। जेई छोटन, राकेश रंजन को फटकार लगाते हुए इसे जल्द सुधार करने को कहा गया। उसी के बगल में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सेबिका आनार देवी अपने घर में केंद्र चला रहे हैं जहां केंद्र का बोर्ड, मिनू नहीं लगाया गया। सहायिका को कड़ी डांट फटकार करते हुए कहा गया कि बहुत जल्द केंद्र का बोर्ड और मीनू सूचना लगाने को लेकर बात कहां गया कहां की अगले बार कार्रवाई की जाएगी । दूसरी की ओर कोल्हुआ गांव में निर्मला देवी के यहां अपने आवास पर आंगनबाड़ी केंद्र चलाया जा रहा है। वहां पर भी केंद्र का बोर्ड और मीनू नहीं पाया गया । इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इस पर बहुत जल्द जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी ।

# विधायक ने पुल का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दक्षिणी सोनडीहा गांव के मलीया नदी पर दो करोड़ अस्सी हजार रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने गांव के ही बुजुर्ग ग्रामीण बुधन शाह के द्वारा नारियल फोड़ कर किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि सोनडीहा गांव के लोगो को बड़ें लम्बे समय से मलिया नदी पर पुल बनाने की मांग था जो मांगे आज इस क्षेत्र के लोगों का सपना सकार हुआ इस पुल का निर्माण कार्य हो जाने से सगमा प्रखंड के साथ साथ धुरकी प्रखंड के लोगों को सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि मेरे विकास कार्य देख विरोधी घबरा गए हैं , इस क्षेत्र से चौदह विधायक चुने गए लेकिन एक भी विधायक सगमा प्रखंड के विकास के लिए नहीं सोचा लेकिन आज आप सभी के आशीर्वाद से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की लकीर खिंचने के साथ साथ अभी तक तीन सौ बहनों का सामूहिक विवाह कराने का काम किया हूं और अपने जीवन कार्य में एक हजार बहनों का शादी कराने का काम करुंगा।

## खोया-पाया

1. फ्लैट संख्या " 1A " 1St AND 2nd FLOOR BLOCK & A वृन्दावन वाटिका में स्थित है। जिसका R.S. प्लाट न. 1114, 1115 खाता नं. - 68 और R.S. प्लाट संख्या - 1080 व खाता संख्या 3 है। 2.यह फ्लैट VILL - MORHABADI थाना संख्या 192 थाना बरियातु जिला - रांची ( झारखण्ड ) में अवस्थित है। 3. उक्त फ्लैट स्वेता ताम्रकार एवं अनीता देवी के नाम से रजिस्टर्ड है। 4. इस फ्लैट के रजिस्ट्री की मूल प्रति दिनांक 31 जनवरी 2024 को सिसई से रांची जाने के क्रम कहीं गिर गई है (खो गई है)।, काफी खोजबिन के बाद भी कागजात नहीं मिल सका है। 5. इस संबंध में मेरे द्वारा गुमला जिले के सिसई थाना में सनहा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। 6. अगर इस पट्टे का कोई दुरुपयोग करता है तो इससे होने वाली हानि, धोखाधड़ी के मुकदमे और सभी तरह की जवाबदेहियों का स्वयं जिम्मेदार होगा। 7. अगर किसी को उक्त पट्टा मिल जाता है तो वह दूरभाष क्रमांक 7250340072, 6203232113 पर संपर्क कर हमें दे सकते हैं। या फिर सिसई थाना में जमा कर सकते हैं।

निवेदक
स्वेता ताम्रकार
व
अनिता देवी
ग्राम- भदौली, मेन रोड सिसई
गुमला (झारखंड)

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 285 दिनांक 07.03.2024 मैं, अनुप कुमार मिश्रा उम्र लगभग 60 वर्ष पिता स्व० रामपदो मिश्रा धर्म हिन्दू पेशा सेवानिवृत शिक्षक निवास ग्राम ईट्टे, थाना- मुरहू जिला खूँटी, शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ - 1. यह कि निलोय कुमार मिश्रा मेरा पुत्र है जिसका उम्र 21 वर्ष से अधिक है। 2. यह कि मेरा पुत्र संत जेवियर कॉलेज रांची में बी०कॉम तृतीय सेमेस्टर का विद्यार्थी है। 3. यह कि दुर्भाग्यवश उसकी दोस्ती यारी कुछ गलत संगत एवं आचरण के विद्यार्थियों के साथ होने की वजह से उन विद्यार्थियों के गलत उकसावे में उसे सट्टाबाजी की आदत लग चूकी है। 4. यह कि भारतवर्ष में क्रिकेट के किसी भी प्रारूप के अन्तराष्ट्रीय खेल में बूरे व्यसन में पड़कर वह सट्टाबाजी करने का आदत लगा चूका है। जिससे मुझे आर्थिक क्षति हो चुकी है। यह कि इस शपथ पत्र के माध्यम से अपनी बातों को प्रकाशित करते हुए मैं उल्लेख करता हूँ कि मेरे उपरोक्त नामित पुत्र के साथ अगर किसी व्यक्ति या उसके सम्पर्क में रहे किसी विद्यार्थी यदि सट्टाबाजी में लिप्त होते हैं एवं पैसा लगाते हैं तो उसकी पूर्ण जवाबदेही सट्टाबाजी के रूप में लाभ-हानि का देय रकम मेरे पुत्र पर होगा। 7. यह कि उपरोक्त बातें मेरी स्वस्थ जानकारी एवं विश्वास में सही एवं सत्य है। आज दिनांक 07.03.2024 ई० को मेरे द्वारा उपरोक्त तथ्यों की पुष्टी खूँटी न्यायालय परिसर में की गाई जिसे मैंने पढ़ व समझ कर अपना हस्ताक्षर कर दिया ।

# विधायक भानु ने 10 करोड़ की लागत से बनने वाली दो योजनाओं की आधारशिला रखी

**प्रखंड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है: भानु प्रताप शाही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शनिवार को प्रखंड परिसर में 6 करोड़ रुपए कि लागत से बनने वाले प्रखंड कर्मियों का आवास एवं लगभग 4 करोड़ रूपए कि लागत से बौलिया से विसुनिया तक सड़क निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक भानु प्रताप शाही के डंडई पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ता शेरे भानू



जिंदाबाद, विकास पुरुष जिंदाबाद आदि के नारे लगा रहे थे। प्रखंड परिसर में शिलान्यास कार्यकर्म को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रखंड कर्मियों का आवास बन जाने से प्रखंड के सभी पधाधिकारी अब डंडई में रहेंगे। इससे ग्रामीणों को ब्लॉक स्तर का कार्य कराने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके पहले क्षेत्र में न तो बिजली थी न ही सड़क। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। किसान बिजली के माध्यम से सिंचाई कर लाभान्वित हो रहे हैं वहीं सड़क बन जाने से क्षेत्र का विकास तेजी से बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मिशन सबों का साथ एवं सबों का विकास करना है। इसी मिशन के तहत प्रखंड के हर क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। विधायक ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि भानू प्रताप शाही बोलने में नहीं बल्कि करने में विश्वास करते हैं। विरोधी चाहे जितनी जोर लगा लें क्षेत्र कि जनता विकास के नाम पर ही वोट करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम को अन्य लोगों ने भी संबोधित किया

## पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मुख्य पथ से लेकर आश्रम तक बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में स्थानीय वयोवृद्ध ने भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बरसात के दिनों में यह कच्ची मार्ग पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाता था, सड़क में जगह जगह पानी भर जाने के कारण लोगो के आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी।

### टिकट मिलने के बाद पहली बार पत्रकारों से हुए रूबरू, कार्यकर्ताओं को तैयारियों में जुटने का आह्वान

# पलामू में नौजवानों के रोजगार देने के लिए लगायी जायेगी फैक्ट्री : वीडी राम

**राज्य सरकार के चलते कई योजनाएं अधर में लटकी हैं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू व गढ़वा जिले के नौजवानों को रोजगार देने के लिए यहां फैक्ट्री लगाई जाएगी। जिससे यहां के लोगों को दूसरे प्रदेशों में रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। उक्त बातें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कही। वे शनिवार को स्थानीय नावाटोली स्थित भाजपा कार्यालय में पुनः पलामू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहली बार संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कर्मवीर सिंह व पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्यों ने तीसरी बार उनके ऊपर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है।



पत्रकारों से बातें करते सांसद वीडी राम व अन्य।

इसके लिए वे आभारी हैं। वीडी राम ने कहा कि क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर व मोदी जी की गारंटी के बल पर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का हमें भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और वे तीसरी बार सांसद बनकर अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। साथ ही शिक्षा व रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि मंडल डैम के 13 में 12 गेट बनकर तैयार हो गए हैं। राज्य सरकार के कारण विस्थापितों को मुआवजा की राशि नहीं मिल पा रही है। जबकि केंद्र सरकार प्रति परिवार 10 लाख रुपए मुआवजा राज्य सरकार को दे चुकी है। राज्य सरकार ने अभी तक निर्णय नहीं लिया कि मुआवजा का भुगतान इंस्टॉलमेंट में किया जाए या फिर एक मुश्त। उन्होंने कहा कि गढ़वा में मेडिकल कॉलेज खुलवाने की कवायद शुरू की थी, लेकिन राज्य सरकार प्रपोजल ही नहीं दे पा रही है। पलामू में 20 मेगावाट का सोलर बिजली पार्क की स्वीकृति दिलाई। लेकिन राज्य सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करा पाई। वहीं, प्रदेश भाजपा महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू समेत पूरे झारखंड के बूथ लेवल तक के कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। झारखंडवासी सूबे के 14 लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने को तैयार हैं। कहा कि वर्ष 2014 के पूर्व की झारखंड की हालत व 2024 की हालत में बहुत बड़ा फर्क नजर आ रहा है। पहले नक्सलवाद चरम पर था। सड़क व स्वास्थ सेवा बदहाल थे। बिजली, पानी, चिकित्सा व सड़क में केंद्र सरकार के सहयोग से हर क्षेत्र में डबल इंजन की सरकार ने बेहतर कार्य किए। भरोसा जताया कि आगामी चुनाव में भाजपा 370 व एनडीए 400 पार सीट लाएगी। नरेंद्र मोदी की गारंटी व विश्वास पर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता रिकॉर्ड मत से बीडी राम को जितायेगी।

### ईमानदार व सुलझे हुए व्यक्ति हैं वीडी राम : चंद्रवंशी

पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि वीडी राम सुलझे हुए ईमानदार, लगनशील व मेहनती प्रत्याशी हैं। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि तन व मन से वीडी राम को जीताकर सांसद बनाएंगे। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि वीडी राम ने दिल खोलकर क्षेत्र का विकास किया है। भाजपा कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से इन्हें साथ देने को तैयार हैं। मोदी की तरह पलामू की जनता का भी वीडी राम पर भरोसा है। इस मौके पर भाजपा नेता प्रेम सिंह, विभाकर नारायण पांडेय व प्रफुल्ल सिंह समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम के पुत्र ने पलामू सीट से ठोकी दावेदारी

### युवाओं को अवसर मिलने से पलामू का होगा विकासः शशि कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड की एक मात्र अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा सीट पर राजनीतिक पार्टियां बाहरी लोगों को प्रत्याशी बनाकर राजनीतिक प्रयोग करती है और यहां के युवाओं से छलावा करती है। उक्त बातें संयुक्त बिहार एवं छतरपुर विधानसभा के पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम के बेटे सह हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार पासवान ने कहीं। वह शनिवार को अपने आवासीय परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इश दौरान उन्होंने पलामू सांसदीय सीट से चुनाव लड़ने की दावेदारी भी ठोक दी। इस मौके पर उनके पिता पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम और राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली भी मौजूद थे। उन्होंने राजद के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से पलामू सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पलामू सांसदीय सीट राजद की कर्म भूमि हैं। मेरे पिताजी 1990 के दशक से जनता दल व समाजवाद के विचारों पर चलते आये हैं। उन्होंने ही पलामू के छतरपुर और हुसैनाबाद को अनुमंडल बनाया। पलामू-गढ़वा राजद का गढ़ रहा हैं। वर्तमान में बाहरी लोगों का राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया हैं जिससे यहां के युवाओं में आक्रोश हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व पर हम सबों को पूर्ण विश्वास है कि पार्टी स्थानीयता को प्राथमिकता देते हुए युवाओं को आगे बढ़ाने का अवसर देगी। कहा कि पलामू के लोगों की पहचान आज भी गरीबी, बेरोजगारी और पलायन के लिए होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि हमलोगों बिपरीत परिस्थितियों में लालू यादव व समाजवाद को नहीं छोड़े हैं। वहीं, राजद के प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली ने कहा कि हमलोग प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय नेताओं से अबकी बार युवा कर्मठशील शशि कुमार को उम्मीदवार बनाने की मांग की हैं। इसका बेहतर परिणाम देने का प्रयास भी करेंगें।


संवाददाता सम्मेलन करते पूर्व मंत्री, निवर्तमान नगर अध्यक्ष व राजद नेता।

## घर का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाये आभूषण व नगदी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को लोग त्रस्त हैं। वहीं, शिकायत के बावजूद पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। चेरी की ऐसी ही घटना शुक्रवार की रात हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द मोहल्ला में घटित हुई। जानकारी के अनुसार चोर मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किए और आभूषण व नकदी लेकर चंपत हो गए। इसकी सूचना पाकर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। बतातें चलें कि सनोज यादव के घर में किराए पर रह रहे केदार साव के घर से करीब 10 हजार रुपये नकद सहित तीन जोड़ा पायल, एक सोना का टाप, सोने की जितिया, चांदी की जितिया, चांदी सिंहोरा और 6 जोड़ा पौरिया की चोरी हुई है। भुक्तभोगी केदार साव ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इस संबंध में हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच और छानबीन की जा रही है।

## राजनीतिक परिवर्तन होने से ही होगा विश्रामपुर क्षेत्र का विकासः अमृत शुक्ला



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने शनिवार को विश्रामपुर व पांडू प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान वे मुसिखाप ग्राम में भागवत कथा यज्ञ के कलश यात्रा में भी शामिल हुए। बताते चलें कि अमृत शुक्ला ने मुशीखाप ग्राम में यज्ञशाला के सुंदरीकरण के लिए दो लाख 51 हजार रुपए की सहयोग राशि भी दी। अमृत शुक्ला ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के पूर्ण विकास के लिए राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। उन्होंने मोदी सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में वे खैरा विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष लालन प्रसाद पांडेय से भी मिले और उनका हालचाल जाना।

# भगवान शिव की सच्चे मन से करें पूजा हर मनोकामना पूरी होगीः रामचंद्र चंद्रवंशी

**विश्रामपुर में निकली भोले बाबा की शाही बारात, पलामू सांसद, विधायक ने की अगुवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** महाशिवरात्री के अवसर पर विश्रामपुर में शनिवार को भोले बाबा की भव्य शाही बारात निकली। सांसद वीडी राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर बारात को रवाना किया। बारात की शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर से हुआ। हर हर महादेव के जयघोष के बीच शिव बारात नगर भ्रमण करते हुए छिपादोहर स्थित सर्व मनोकामना सिद्धि मंदिर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से मां पार्वती के साथ भगवान शंकर के विवाह की रस्म पूरी कराई गई। इस दौरान काशी से आए कलाकारों ने कई आकर्षक झांकी, विवाह नृत्य, भगवान शंकर का कई लोक लुभावन भजन प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कई मांगलिक कार्यक्रम,धार्मिक अनुष्ठान व विशेष पूजा अर्चना के बाद पहाड़ी हनुमान मंदिर परिसर में शिव चर्चा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांसद वीडी राम ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से तन मन सहित पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। वहीं, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान शिव शक्ति के प्रतीक हैं। उनकी भक्ति से शक्ति मिलती है। भक्ति से मिले शक्ति का हमेसा समाज हित में उपयोग करें, ताकि सबका भला हो। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान शंकर की उपासना करने पर हर मनोकामना पूर्ण होता है। वहीं, शिव के शाही बारात में वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, पंकज कुमार लाल, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, पूनम देवी, भाजपा जिला कार्य समिति किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री मनीष कुमार, रजनीश कुमार और अर्चना देवी आदि शामिल हुए।

## शिवाजी मैदान में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू लोकसभा क्षेत्र में रविवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के झारखंड प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी मौजूद रहेंगे साथ ही पलामू के प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी तेज कर दी गई है। शिवाजी मैदान में सम्मेलन के लिए जगह-जगह पर तोरण द्वार लगाए जा रहे हैं। कुर्सी साउंड एवं कार्यकर्ताओ के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जल गुणवत्ता एवं अनुश्रवण गतिविधियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से जल गुणवत्ता निगरानी व अनुश्रवण गतिविधियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गयचा। इस दौरान जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक स्वच्छता कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह व वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पानी की गुणवत्ता के बारे में जानना बेहद जरूरी है, क्योकि इसका सीधा संबंध लोगों की सेहत से है। पानी की गुणवत्ता की जांच अब सामुदायिक अधिकार के तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी गयी जानकारी से ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य करें। मौके पर प्रतिभागी सबिता देवी, बेबी कुमारी, कविता देवी, सुमन देवी, अनु देवी आदि थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर पांच दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पुरानी ठाकुरबाड़ी कुर्मिटोला स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रथम वर्ष गांठ व पांच दिवसीय अनुष्ठान को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। उक्त आयोजन श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति की ओ्र से किया गया। इसकी शुरूआत मंदिर परिसर से की गयी। वहीं, रात में श्री वृंदावन से पधारे देवी शिखा चतुवेर्दी जी द्वारा संगीतमय राम कथा प्रवचन का भी आयोजन किया गया है। मौके पर सुबोध सौंडिक, पवन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुनीता चौधरी, मनीष कुमार, मनु अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल, मिलन,सुरेंद्र चौधरी, सुनील सौंडिक, अजित अग्रवाल, विजय प्रसाद,टिंकू अग्रवाल, अंकित कुमार, पंकज कुमार, सुमित कुमार, बबन चौधरी, मनोज चौधरी व अर्जुन आदि मौजूद थे।

## कुपोषण को दूर करने में लोगों को जागरूक करेगा पोषण रथ : डीडीसी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीडीसी रवि आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद ने शनिवार को संयुक्त रूप से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय परिसर से रवाना किए गए पोषण जागरूकता रथ से लोगों को कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जागरूक किया जाएगा। डीडीसी रवि आनंद ने कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण के लिए आम जनों से सहयोग की अपील की। साथ ही सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने की बात कही, ताकि इस अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि पोषण माह के तहत पोषण रथ 9 से 23 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंड,पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के प्रति, बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल, स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आहार संबंधित आवश्यक संदेश दिया जाएगा।वहीं, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि एनीमिया से रोकथाम के लिए बच्चों के आयरनयुक्त पौष्टिक आहार,स्वच्छता आदि जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस माह विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जाएगा एवं उन्हें उपचार के लिए एमटीसी सेंटर रेफर किया जाएगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के खून की जांच भी की जाएगी एवं रक्तहीनता से पीड़ित महिलाओं को इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग रेफर किया जायेगा।

## डीएमओ ने बिहार से सटे हरिहरगंज के इलाके में संचालित क्रशर को किया सील

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में डीएमओ आंनद कुमार जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर रोकथाम को लेकर सक्रीय हैं। डीएमओ ने शनिवार को बिहार राज्य से सटे हरिहरगंज इलाके में अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य के गया जिले के डुमरिया निवासी विजय यादव,अनिल चंद्रवंशी, पारीख यादव, दिवाकर शर्मा, राकेश ठाकुर व जैधी खान द्वारा अवैध रूप से हरिहरगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र में क्रशर का संचालन किया जा रहा था।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम ने धर्मशाला में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पारी और 64 रनों से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी 4-1 के अंतर से जीत लिया है।

### पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 4-1 से की अपने नाम : 100वें टेस्ट में अश्विन को मिले 9 विकेट

# भारत ने जीता धर्मशाला टेस्ट, इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने धर्मशाला टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हारा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी 4-1 से जीत ली। एचपीसीए स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पहली पारी में इंग्लैंड की टीम 218 और टीम इंडिया 477 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरी पारी में 259 रन की बढ़त मिली। वहीं, दूसरी पारी में खेलने उतरी इंग्लैंड टीम 195 रन पर ही सिमट गई। इस तरह इंग्लिश टीम को पारी और 64 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अपना 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में 9 विकेट लिए।



### अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेनेवाले भारतीय

रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में बेन फोक्स को आउट करने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 36वीं बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा कर लिया। इसी के साथ उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे कर दिया। कुंबले के टेस्ट क्रिकेट में 35 पांच विकेट हॉल हैं। अश्विन अब भारत के लिए सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। धर्मशाला टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट रहा, जिसमें उन्होंने कुल 9 विकेट लिए।

### भारत ने डब्ल्यूटीसी के 9 में से 6 मैच जीते

टीम इंडिया अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकल में 3 में से 2 सीरीज जीत चुकी है। टीम ने अब तक कुल 9 मुकाबले खेले, 6 में जीत मिली और महज 2 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। इससे पहले साउथ अफ्रीका में 2 टेस्ट की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही, जबकि वेस्टइंडीज को 2 टेस्ट की सीरीज में 1-0 से हराया। टीम इंडिया के 3 सीरीज में 68.51 फीसदी पॉइंट्स हो गए हैं, टीम पहले नंबर पर है। न्यूजीलैंड दूसरे और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। भारत को अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में एक सीरीज खेलनी है। वहीं 2 सीरीज बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर रहेगी।

### घरेलू मैदान पर 17वीं सीरीज जीती

यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया।

### रविचंद्रन अश्विन ने लिए 5 विकेट

इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जो रूट 84 रन बनाकर आउट हुए। रूट के अलावा बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके, इसलिए टीम 195 रन ही बना सकी। भारत से दूसरी पारी में आर अश्विन ने 5 विकेट लिए। बुमराह व कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट जबकि जडेजा को एक विकेट मिला।

### रोहित शर्मा व शुभमन गिल ने लगाये शतक

भारत के लिए पहली पारी में शुभमन गिल ने 110, रोहित शर्मा ने 103, यशस्वी जायसवाल 57, देवदत्त पडिक्कल ने 65 व सरफराज खान ने 56 रन बनाए। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने 5 विकेट लिए। जेम्स एंडरसन-टॉम हार्टले ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट कप्तान बेन स्टोक्स को भी मिला।

### बीसीसीआइ ने टेस्ट प्लेयर्स की मैच फीस बढ़ाई, एक सीजन में 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ी को एक मैच के मिलेंगे 45 लाख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने टेस्ट खेलने वाले अपने खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सीजन के 75 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को एक टेस्ट खेलने के 45 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 50 प्रतिशत से 74 प्रतिशत मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 30 लाख रुपये मिलेंगे। बीसीसीआइ ने यह ऐलान शनिवार को टीम इंडिया के धर्मशाला टेस्ट जीतने के बाद किया। यह मैच फीस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अलावा मिलेगी। हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बीसीसीआइ द्वारा खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट की ओर आकर्षित करने के लिए फीस बढ़ाने के साथ-साथ इंशेटिव राशि बढ़ाने की बात कही गई थी। पर बोर्ड ने धर्मशाला जीत के बाद ही ऐलान कर दिया।

# भारत 2036 में ओलंपिक और 2030 में युवा ओलंपिक आयोजित करने के प्रति उत्सुक है : अनुराग सिंह ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने खेल जगत में भारत का उदय पर साक्षात्कार दिया। इस दौरान उन्होंने खुल कर अपनी बात रखी।

**सवाल : सरकार ने 2036 ओलंपिक के लिए बोली लगाने के अपने इरादे की घोषणा की है। क्या आप हमें ओलंपिक के लिए बोली लगाने के संबंध में, आइओसी के साथ संवाद की वर्तमान स्थिति के बारे में बता सकते हैं?**

**जवाब :** अक्टूबर 2023 में मुंबई में हुए ऐतिहासिक आइओसी सत्र में, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा करते हुए कहा था कि भारत 2036 में ओलंपिक और 2030 में युवा ओलंपिक आयोजित करने के प्रति उत्सुक है तथा इसके लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं। हम भारतीय ओलंपिक संघ के साथ निकट समन्वय में काम कर रहे हैं और भारतीय बोली के पक्ष में एक मजबूत सिफारिश के लिए आइओसी फ्यूचर होस्ट्स कमीशन के साथ बातचीत कर रहे हैं। वास्तव में, हम फ्यूचर होस्ट्स कमीशन के साथ पहले ही दो दौर की सार्थक चर्चा कर चुके हैं।

**सवाल : क्या भारत में ऐसे आयोजनों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं की मेजबानी का कोई वास्तविक लाभ होता है?**

**जवाब :** देश के लिए विश्व खेल परिदृश्य में आगे बढ़ने का समय आ गया है। विभिन्न विधाओं वाली खेल प्रतिस्पधाओं की मेजबानी से भारत की छवि में सुधार हो सकता है और पिछले कुछ वर्षों में, हमने फीफा अंडर-17 पुरुष और महिला विश्व कप, 44वें शतरंज ओलंपियाड, एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप जैसी कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की सफलतापूर्वक मेजबानी की है। एक प्रमुख खेल आयोजन से घरेलू एथलीटोंझ वरिष्ठ और कनिष्ठ दोनों- को घरेलू मैदान पर उच्चतम स्तर की खेल प्रतियोगिता देखने का मौका मिलता है और वे जानी-पहचानी परिस्थितियों की सुविधा के साथ इनमें भाग लेने में सक्षम होते हैं। साथ ही, यह देश में समग्र खेल इकोसिस्टम को मजबूत करता है और मेजबान शहरों एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि भारत 2036 तक एक अंतर्राष्ट्रीय खेल हब के रूप में उभरेगा और आने वाले वर्षों में भारतीय खेल अर्थव्यवस्था 1 लाख करोड़ रुपये की हो जायेगी, जिससे प्राथमिक तौर पर हमारे युवा लाभान्वित होंगे।

**सवाल : भारत युवा ओलंपिक और ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा रखता है, क्या देश पदकों के मामले में अधिक सफलता हासिल करना चाहेगा?**

**जवाब :** मंत्रालय और राष्ट्रीय खेल महासंघों ने उन खेल-विधाओं एवं स्पधाओं की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनमें भारत उन खेलों से आगे पदक जीतने की



क्षमता विकसित कर सकता है, जो पहले ही वैश्विक खेल आयोजनों में परिणाम दे चुके हैं तथा जिन खेलों में और बेहतर प्रदर्शन किये जा सकते हैं। हमने साइकिलिंग और तैराकी जैसे खेलों को प्रोत्साहित किया है, जो तालिका में योगदान देने के लिए कई पदक प्रदान कर सकते हैं। जहां तक निवेश का सवाल है, इतना कहना पर्याप्त है कि सरकार ने पिछले दशक में मंत्रालय के बजट का आकार तीन गुना बढ़ाकर 2013-14 के 1,093 करोड़ रुपये से 2023-24 में 3397.32 करोड़ रुपये कर दिया है और एथलीटों सही समय पर सही समर्थन दिया जा रहा है। इसके अलावा, कॉर्पोरेट और निजी निवेश ने भी सीएसआर निधि के माध्यम से भारतीय खेल के विकास में योगदान दिया है। हम ओलंपिक खेलों की पदक तालिका में शीर्ष 10 देशों में शामिल होना चाहते हैं और हमें विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

**सवाल : सरकार ने खेलो इंडिया में काफी निवेश किया है। क्या इसके अपेक्षित परिणाम निकले हैं?**

**जवाब :** निश्चित रूप से, खेलो इंडिया योजना के अच्छे परिणाम आए हैं। यह मात्र एक योजना भर नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है। खेलो इंडिया का एक प्रमुख उद्देश्य व्यवस्थित प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभा की पहचान करना और उसे निखारना है। हम वर्तमान में 2800 से अधिक एथलीटों को समर्थन प्रदान कर रहे हैं। इन एथलीटों को उनके प्रशिक्षण, भोजन, आवास, स्वयं के खर्चों के लिए जेब खर्च भत्ते हेतु सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 6.28 लाख रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है। हर वर्ष इस योजना में नए एथलीटों को शामिल किया जाता है और उनके प्रदर्शन की निरंतर निगरानी की जाती है जो यह सुनिश्चित करती है कि नियमित रूप से छंटाई भी होती रहे।

**सवाल : क्या आप हाल के वर्षों में खेलों से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास पर कुछ प्रकाश डाल सकते हैं?**

**जवाब :** सुविधाओं और मानव संसाधनों की दृष्टि से, बुनियादी ढांचा ही किसी भी खेल इकोसिस्टम की रीढ़ होती है। वृहद स्तर पर, यह नागरिकों की भागीदारी का समर्थन करती है और सूक्ष्म स्तर पर, यह भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है। आधुनिक खेल सुविधाओं को जमीनी स्तर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के घरों तक उपलब्ध कराने की बेहद आवश्यकता है क्योंकि इससे एथलीटों को उनके घर से दूर के बजाय पड़ोस में ही निखार पाना सुनिश्चित हो सकेगा। इसी सोच के तहत 2016 से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 331 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

**सवाल : अब जबकि पेरिस ओलंपिक खेल अगस्त 2024 में होने वाले हैं, भारतीय टीम की तैयारियों के बारे में आपके क्या विचार हैं?**

**जवाब :** हमने अपने एथलीटों को पेरिस 2024 के लिए पात्रता हासिल करने और अच्छी तैयारी करने के लिए दिल खोलकर समर्थन दिया है। हालांकि हमारे मन में पदकों को लेकर कोई निश्चित संख्या नहीं है, लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट ओलंपिक खेलों में भारत के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमारे एथलीट निर्भीक हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ बराबरी के स्तर की प्रतिस्पर्धा करते हैं। हमने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि अधिक से अधिक भारतीय एथलीट पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पात्रता हासिल करें और उनकी तैयारी अच्छी हो। इस ओलंपिक चक्र में चुने हुए ओलंपिक स्पधाओं में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का अनुभव दिलाने के लिए 350 से अधिक विदेश यात्राओं को मंजूरी दी गई। इसने एथलीटों को अपेक्षाओं के दबाव से गुजरे बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। अब तक, हमारे 58 एथलीटों ने पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए पात्रता हासिल की है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (इकोरो) के सहयोग से पूर्व तट रेलवे द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 मनाया गया है। महिला रेलवे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इकोरो की अध्यक्ष श्रीमती दीब्या शर्मा ने कहा कि प्रत्येक महिला को अपनी छिपी हुई शक्तियों को जानना चाहिए और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी बाधाओं का सामना करना चाहिए और अपनी आंतरिक प्रतिभा को उजागर करना चाहिए। श्रीमती शर्मा ने इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट महिला रेल कर्मचारियों को अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर बोलते हुए रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक एमके बेहेरा ने कहा कि महिला कर्मचारी अपने काम के हर क्षेत्र में योद्धा हैं और भारतीय रेलवे को बदलने के उनके प्रयास लगातार उत्कृष्ट हैं।

इस अवसर पर कुल 76 महिला रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया विभिन्न क्षेत्रों में उनकी पारिदर्शिता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इकोरो द्वारा 14 महिला रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। 32 महिला रेलवे कर्मचारियों को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए इकोरो द्वारा पुरस्कृत किया गया इसके अलावा इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 30 महिला रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह खुर्दा रोड, वाल्टियर और संबलपुर रेलवे मंडल मुख्यालयों के साथ-साथ विभिन्न महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भी मनाया गया।

## रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के 8 दिन बाद खुला

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में फेमस रामेश्वरम कैफे शनिवार (9 मार्च) को आम लोगों के लिए खुल गया है। यहां 1 मार्च को आइइडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 10 लोग घायल हुए थे। घटना के बाद से कैफे बंद था। कैफे के को-फाउंडर राघवेंद्र राव ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए हम सुरक्षा के सभी उपाय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एक व्यक्ति को सिर्फ कैफे की निगरानी के लिए अपॉइंट करेंगे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक : 07.03.24. ई-निविदा संख्या : 40-GS-DHN-2023-24.
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन पर कोच रखरखाव डिपो के अंतर्गत कवर्ड शेड, कोचिंग सिक लाइन पिट, कैटवॉक के साथ वॉशिंग पिट, सर्विस बिल्डिंग, इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन, बाउंड्री वॉल, नाली के साथ-साथ विद्युतीकरण और बिजली रोशनी से संबंधित समग्र कार्य का प्रावधान और निर्माण (पेज-1) के संबंध में। सिविल और इलेक्ट्रिकल (जी) 24 (चौबीस) महीने। 2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹13,79,24,885.73, 3. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 01.04.2024 को 17.00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 02.04.2024 को 12.00 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। नोट : (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूमरे/धनबाद
पीआर/02489/डीएचएन/अभि./टी/23-24/44

## पैराशूट नहीं खुले, राहत सामग्री के बॉक्स में दब कर 5 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** गाजा में राहत सामग्री की डिलिवरी के दौरान हादसे में 5 लोगों की मौत हो गयी। एयरक्राफ्ट से गाजा पट्टी पर राहत सामग्री के बॉक्स गिराये गए, लेकिन कई बॉक्स के पैराशूट ही नहीं खुले। ये तेज रफ्तार से लोगों पर गिर गये। 10 लोग घायल भी हैं। हादसा 8 मार्च को अल-शती रिफ्यूजी कैंप के पास हुआ। बता दें कि 7 अक्टूबर को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग के बीच लाखों फिलिस्तीनी भुखमरी का सामना कर रहे हैं। 30 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।

## आसिफ अली जरदारी पाक के 14वें राष्ट्रपति बने

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को राष्ट्रपति पद के चुनाव में आसिफ अली जरदारी ने जीत हासिल की है। जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने इमरान खान के कैंडिडेट महमूद खान अचकजई को 230 वोटों से हराया। जरदारी को 411 वोट मिले, जबकि अचकजई सिर्फ 118 वोट हासिल कर पाये। नवाज की पार्टी पीएमएल-एन और बिलावल की पार्टी पीपीपी ने मिलकर जरदारी को उम्मीदवार बनाया था। वे साल 2008 में भी राष्ट्रपति बने थे। वहीं, इमरान समर्थक एसआइसी पार्टी ने अचकजई को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था। राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हुए पाकिस्तान नेशनल असेंबली के कुछ सदस्यों ने इमरान खान जिंदाबाद के नारे लगाये।

# पीएम मोदी ने असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में जंगल सफारी की

- हाथों में कैमरा लिए नजर आये, कभी जिप्सी तो कभी हाथी की सवारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**दिसपुर।** मोदी शनिवार सुबह असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में हाथी पर बैठकर जंगल सफारी की। इसके बाद जीप से नेशनल पार्क का भ्रमण किया। उन्होंने जानवरों की तस्वीरें भी खींचीं। एक्स पर मोदी ने तस्वीरें पोस्ट की और लिखा- यह एक ऐसी जगह है, जहां की हर यात्रा आत्मा तृप्त कर देती है। यह आपको असम के दिल से गहराई से जोड़ता है। इस नेशनल पार्क में सबको आना चाहिए।



## देश में समानता के लिए भाईचारा जरूरी : चीफ जस्टिस

**बीकानेर (आजाद सिपाही)।** भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार (9 मार्च) को कहा कि देश में समानता बनाए रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है। संविधान की भावना के मुताबिक हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा। उखकचंद्रचूड़ बीकानेर के हमारा संविधान, हमारा सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए थे। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि संविधान निमार्ताओं की सोच थी कि मानवीय गरिमा का स्थान सबसे ऊपर है। बाबा साहेब अंबेडकर ने सुनिश्चित किया था कि संविधान में न्याय के मूल्य, स्वतंत्रता और समानता के साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा कायम रहे।

# काशी पहुंचे, शंख और ढोल-नगाड़ों के बीच गूंजा मोदी-मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** पीएम मोदी शनिवार की शाम सात बजे के बाद काशी पहुंचे। इस दौरान शंख ध्वनि और ढोल नगाड़े के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पीएम के दौरे को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखे। पीएम के पहुंचने से करीब दो-तीन घंटे पहले से बही कार्यकर्ताओं ने




हर-हर महादेव के जयकारे के साथ मोदी-मोदी के नारे लगाये। साथ ही काशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। लोगों ने पीएम की तस्वीर वाले पोस्टर के साथ महिलाओं ने जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे गीत भी गाये। इस दौरान काशी वासियों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

# निर्वाचन व्यय संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राज्य के सभी जिलों के निर्वाचन नोडल अधिकारियों के लिए निर्वाचन व्यय संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आगामी आम चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रखने के लिए चुनावी खर्च की निगरानी कैसे की जाये, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रशिक्षण की शुरुआत में मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी ढल ने लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की अनिवार्यता के बारे में बात की और सभी जिला स्तर के नोडल अधिकारियों को अत्यंत सटीकता और ईमानदारी के




साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष रखने के लिए धन के दुरुपयोग को रोकने की जिम्मेदारी जिला नोडल अधिकारियों की है। विधानसभा और लोकसभा में उम्मीदवारों के लिए निर्धारित सीमा क्रमशः 40 लाख रुपये और 95 लाख रुपये के बीच सभी उम्मीदवार अपने चुनावी खर्च किस तरह से खर्च करेंगे। इस पर निगरानी रखी जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि व्यय छुपाने, व्यय की गलत जानकारी देने, पेड न्यूज आदि पर निगरानी रखने और नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए जिला स्तर पर सभी व्यवस्थाएं की जायें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सी-विजिल एप्लीकेशन के माध्यम से जनता द्वारा की गई शिकायतों का समाधान कैसे किया जाये, इसे प्राथमिकता दी।

अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ एन तिरुमाला नायक और शत्रुघ्न कर ने पीपीटी के माध्यम से चुनाव खर्च और जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न निगरानी दलों की जिम्मेदारियों, दैनिक रिपोर्ट, चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिलों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया।




RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**